

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -34 जबलपुर, मंगलवार 04 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## जीरो टॉलरेंस नीति से प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में आई गिरावट- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में गिरावट आई है। यह स्पष्ट रूप से राज्य सरकार की %जीरो टॉलरेंस% नीति का परिणाम है। हम सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ कर रहे हैं, जिससे अपराधों पर अंकुश लगा है। पिछले वर्षों में महिला एवं बाल अपराधों के प्रति सरकार की सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध गंभीर अपराधों के दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। न्यायालयों द्वारा 48 प्रकरणों में मृत्युदंड के निर्णय दिए जा चुके हैं। सरकार और समाज मिलकर महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अत्याचारों के प्रति जागृति लाएं। इस कार्य में बाल संरक्षण आयोग की भूमिका भी अहम है। सरकार आयोग के सुझावों को अमल में लाने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में यह बातें कही।

कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से विभिन्न विभागों के अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य समेत अन्य सदस्यों ने नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, पॉक्सो अधिनियम-2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम-2015 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया, सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार और डॉ. निवेदिता शर्मा, डॉ. निशा सक्सेना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश, स्वर्णिम काल में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विश्व में भारत की ख्याति फैल रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में प्रत्येकव्यक्ति निरंतर समर्थ हो रहा है। भारत बाहरी दुश्मनों से निपटने में सक्षम होने के साथ-साथ आंतरिक चुनौतियों का भी प्रभावी रूप से सामना कर रहा है। उन्होंने रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों और किशोरों में अपार क्षमता और ऊर्जा विद्यमान रहती है। इसीलिए महर्षि विश्वामित्र ने असुरों का विनाश करने के लिए महाराज दशरथ से बचपन में प्रभु श्रीराम और श्री लक्ष्मण को मांगा था। प्रभु श्रीराम ने अपने पुरुषार्थ के बल पर असुरों का सर्वनाश किया। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण का बाल्य स्वरूप सद्मार्ग पर चलने के लिए समाज को भिन्न-भिन्न रूप से प्रेरित करता है।

## एमपी में हुई 5 सड़क दुर्घटनाओं में 6 की मौत, थ्रेसर में ट्रैक्टर पलटने से लगी आग, दो युवक जिंदा जले

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के बालघाट, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, दमोह व छतरपुर में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं 11 लोगों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भरती कराया गया है। जहां पर इन सभी के इलाज में डाक्टरों की टीम जुटी हुई है।

छतरपुर- छतरपुर के महुटा गांव में रहने वाले दो युवक अशोक यादव उम्र 25 वर्ष व मोहित गौंड़ ट्रैक्टर लेकर बमोरी से महुटा गांव फसल की थ्रेसिंग के लिए निकले। जब वे गुगवारा-सेदरा रोड से आगे बढ़ रहे थे इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आकर दोनों युवक दबकर चीखते रहे, इस बीच ट्रैक्टर में आग लग गई और दोनों युवकों की जलने से मौत हो गई।

नरसिंहपुर-गाडरवाजा जिला नरसिंहपुर के पलोहा गांव से बारात साईखेड़ा गई थी, बारात में शामिल होकर कुछ लोग कार से अपने घर जाने के लिए निकले। इस दौरान कार को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में ड्राइवर भूरा गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार राजेश गुर्जर उम्र 28 वर्ष, लकी 19 वर्ष, मधु गुर्जर 30 वर्ष व हाकम गुर्जर 50 वर्ष के शरीर पर गंभीर चोटें आई। जिन्हे उपचार के लिए नरसिंहपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बालाघाट-बालाघाट से कार सवार युवक एक शादी समारोह में खारा गांव गए थे। जहां से देर रात दो बजे के लगभग युवक अपने घर जाने के लिए निकले। कार जब खारा गांव से चिखला की ओर बढ़ रही थी। इस दौरान डम्पर व कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार में सवार वीरेन्द्र भोयर 23 वर्ष, अमन उईके 22 वर्ष की मौत हो गई। वहीं नवीन उईके 21 वर्ष व राजकुमार पंद्रे 19 वर्ष के शरीर पर गंभीर चोटें आई।

## दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता -न्यायालय



नई दिल्ली-(आरएनएस)। फैसले में कहा गया है कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवार फैसले के आलोक में न्यायिक सेवा चयन के लिए विचार किए जाने के हकदार हैं और यदि वे पात्र हैं तो उन्हें रिक्त पदों पर नियुक्त किया जा सकता है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने पिछले साल तीन दिसंबर को कुछ राज्यों में न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों को आरक्षण न दिए जाने को लेकर स्वत- संज्ञान वाले एक मामले सहित छह याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति महादेवन ने फैसला सुनाते हुए कहा कि न्यायिक सेवा में भर्ती के दौरान दिव्यांगजन के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए तथा सरकार को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उनके लिए सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। न्यायाधीश ने कहा, ''चाहे वह 'कटऑफ' के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण.. किसी भी प्रकार के ऐसे अप्रत्यक्ष भेदभाव में हस्तक्षेप किया जाना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप दिव्यांगजन को अवसर से वंचित रखा जाता हो ताकि मौलिक समानता बरकरार रखी जा सके।'' फैसले में कहा गया कि किसी भी उम्मीदवार को केवल उसके दिव्यांग होने के कारण अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश सेवा परीक्षा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम 1994 के उन कुछ नियमों को भी रद्द कर दिया,

### शमा मोहम्मद ने डिलीट किया रोहित शर्मा की फिटनेस पर विवादित पोस्ट भड़क गई थी भाजपा, कांग्रेस ने झाड़ लिया था पल्ला

## रोहित शर्मा को कहा मोटा तो कांग्रेस ने लगाई शमा मोहम्मद की क्लास

### दिए पोस्ट डिलीट करने के निर्देश, बीजेपी ने कहा बॉडी शेमिंग



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस की महिला प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर विवादित बयान दिया। इसके बाद से भाजपा नेता भड़क गए हैं। वहीं कांग्रेस ने इसे शमा मोहम्मद के निजी विचार बताते हुए पल्ला झाड़ लिया है। आखिर में शमा मोहम्मद को भी सफाई देना पड़ी और विवादित पोस्ट डिलीट करना पड़ा।

भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा की शमा मोहम्मद की तीखी आलोचना पर विवाद के बीच, कांग्रेस ने सोमवार को उनकी टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और कहा कि पार्टी किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती जो खेल आइकन की विरासत को कमजोर करती है। कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने शर्मा को एक खिलाड़ी के लिए मोटा कहकर और उनकी कप्तानी को देश में सबसे अप्रभावी करार देकर विवाद पैदा कर दिया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट दिग्गज के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं जो पार्टी की स्थिति को नहीं दर्शाती हैं। खेड़ा ने आगे कहा कि उन्हें एक्स से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है और भविष्य में अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल आइकनों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती है। एक्स को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा- रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं! वजन कम करने की जरूरत है!

## तुरंत बच्चे पैदा करो, परिसीमन पर चर्चाओं के बीच एमके स्टालिन की नवविवाहितों से अपील



तमिलनाडु (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोगों से तुरंत बच्चे पैदा करने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि राज्य के सफल परिवार नियोजन उपायों ने अब उन्हें नुकसान में डाल दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसंख्या-आधारित परिसीमन तमिलनाडु के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को प्रभावित कर सकता है और निवासियों से उनकी अपील पर ध्यान देने का आह्वान किया। बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य पर विचार करते हुए उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले, हम कहते थे, अपना समय लें और बच्चा पैदा करें। लेकिन अब स्थिति बदल गई है और हमें अब यह कहना चाहिए।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने अपनी चिंताओं को जनसंख्या जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन लागू होने की संभावना से जोड़ा। उन्होंने कहा, हमने परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू किया और अब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। राज्य पर संभावित प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, स्टालिन ने अपना रुख मजबूत करते हुए कहा, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि अपना समय लें, लेकिन तुरंत अपना बच्चा पैदा करें।

परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए, स्टालिन ने 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री चाहते थे कि सभी लोग एक साथ आएं और तमिलनाडु के भविष्य पर विचार करें, उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां इसे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए विरोध करना होगा। उन्होंने विपक्षी दलों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा, %%मैं उनसे बैठक में शामिल होने का आग्रह करता हूं। कृपया अहंकार को किनारे रखें। इस बारे में मत सोचिए कि आपको मेरी पुकार क्यों सुननी चाहिए। स्टालिन ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यह तमिलनाडु के लिए एक गंभीर मुद्दा है।

## कश्मीर में बारिश और हिमपात

कश्मीर- कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई जिससे पूरे क्षेत्र में तापमान गिर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बारिश से वर्षा की कमी 80 प्रतिशत से घटकर 40 प्रतिशत रह गई। सोमवार तड़के से ही बारिश शुरू हो गई थी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और बारामूला समेत पहाड़ी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में भी ताजा बर्फबारी हुई। लद्दाख के कारगिल जिले में भी हिमपात हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, मौसम में मंगलवार से सुधार होने

## महाकुंभ में वायरल हुआ आईआईटी बाबा हिरासत में लिये गये, जयपुर पुलिस ने होटल से पकड़ा



जयपुर.(आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुए आईआईटी बाबा अभय सिंह को जयपुर पुलिस ने हिरासत में लिया है. शिप्रापथ थाना पुलिस ने एक होटल से बाबा को हिरासत में लिया, बाद में जमानत मुचलके पर छोड़ भी दिया गया. बाबा के पास गांजा भी बरामद किया गया है. बाबा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि रिद्धि सिद्धि पार्क क्लासिक होटल में अभय सिंह नाम का युवक सुसाइड का प्रयास कर रहा है. जिसके चलते पुलिस होटल पहुंची, यहां आईआईटी बाबा अभय सिंह मिला. सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गांजे के नशे में था. इस दौरान उसने नशे में कोई सूचना दी हो तो उसे इसकी जानकारी नहीं हैं. पुलिस को तलाशी में बाबा के पास दो ग्राम गांजा भी बरामद किया गया. पुलिस ने थाने में लाकर सिंह को जमानत मुचलके पर छोड़ दिया गया. पुलिस ने बताया कि बाबा के पास दो ग्राम गांजा ही बरामद हुआ था. होटल से निकलते वक्त आईआईटी बाबा ने कहा, हैप्पी बर्थडे तो बोल दो मुझे. उसने कहा पता नहीं पुलिस क्यों आई, किसी ने आत्महत्या के बारे में बता दिया, शायद इसलिए आए थे. हालांकि सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे तो सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## बीजेपी के साथ गठबंधन करेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस? सामने आया उमर अब्दुल्ला का बड़ा बयान



जम्मू (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी के साथ इस तरह के गठबंधन की न तो कोई गुंजाइश है और न ही इसकी कोई जरूरत है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके विचार काफी अलग हैं। जम्मू-कश्मीर बजट सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम (भाजपा के साथ) किसी गठबंधन की बात नहीं कर रहे हैं, न तो इसकी कोई गुंजाइश है और न ही इसकी जरूरत है। हमारे विचार भी मेल नहीं खाते। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर हम जम्मू-कश्मीर के बारे में बात करते हैं, तो हमारे विचार बहुत अलग हैं। हम (सत्र के दौरान) हर चीज पर चर्चा करेंगे।

### प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस का हमला।- जनता को भिखारी कहना अपमानजनक - पटवारी

## जनता को भिखारी कहने वाले भाजपा नेता को सत्ता का अहंकार,मिलेगा जवाब-जीतू पटवारी



भोपाल -(आरएनएस)। चुनाव के समय जनता को सिर-माथे पर बैठाने वाले भाजपा नेताओं को सत्ता का ऐसा अहंकार हुआ कि वे उन्हें भिखारी करार देने लगे। यह जनता का अपमान है और इसका जवाब भी समय आने पर मिलेगा। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के बयान को लेकर सरकार को घेरते हुए कही।

**पटवारी बोले- सीएम की नहीं आई प्रतिक्रिया**

उन्होंने कहा कि मंत्री के इस बयान पर न तो मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की प्रतिक्रिया आई और न ही भाजपा संगठन ने ही कुछ कहा। इससे साफ पता चलता है कि चाल, चरित्र और चेहरे के दुहाई देने वाली पार्टी की स्थिति क्या है। पटवारी ने कहा कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए जनता को भगवान बताकर वोट मांगती है, मगर जब जनता अपने हक की बात करती है, तो उसे भिखारी कहा जाता है।

**अपनी आवाज उठाना अपराध है?**

क्या लोकतंत्र में अपने हक, अधिकार और सम्मान के लिए अपनी आवाज उठाना अपराध है? आज प्रदेश में जनता परेशान है। कानून व्यवस्था की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के साथ महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। भाजपा ने चुनाव के समय महिला, किसान और युवाओं से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। जब इसको लेकर सवाल उठाया जाता है तो उन्हें भिखारी करार दे दिया जाता है। यह कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## यूपी में एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की जमीन जालसाज ने धोखाधड़ी करके बेच दी



लखनऊ. (आरएनएस)। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की जमीन को लेकर उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. यह मामला तब सामने आया जब जमीन की देखभाल करने वाले अनिल यादव ने शुक्रवार को देखा कि वहां पर निर्माण कार्य चल रहा है. उन्होंने तुरंत जिला मजिस्ट्रेट, उप-जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस से इसकी शिकायत की. यह जमीन 0.152 हेक्टेयर (प्लॉट नंबर 1335 ्य) की है, जो अंबेडकरनगर जिले के आलापुर तहसील के रामनगर महुवार गांव में स्थित है. पहले यह जमीन दिग्विजय सिंह की मां, अपर्णा देवी के नाम थी, जिनका 1986 में निधन हो गया था. इसके बाद सिंह ने इस जमीन का उत्तराधिकार (विरासत) लेने के लिए आवेदन किया और 18 मई 2024 को उनके नाम पर जमीन दर्ज कर दी गई.

## एमपी में विदाई के बाद हाइवे से दुल्हन का अपहरण, पुलिस ने 250 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा

गुना -(आरएनएस)। गुना जिले में चलती कार से दुल्हन के अपहरण का मामला सामने आया है। बदमाशों ने दूल्हे की कार को अपनी कार अड़ाकर रुकवाया और चाकूओं से गाड़ी के शीशे फोड़ने लगे। इसके बाद दूल्हे को धमकाते हुए फिल्मी स्टाइल में उसे धकेला और दुल्हन को अपनी गाड़ी में बिठाकर ले भागे।

बदमाशों के दो साथी पीछे मोटरसाइकिल पर सवार थे। कुल आठ आरोपित बताए गए हैं, जो काफी देर से दूल्हा-दुल्हन की गाड़ी का हाईवे पर पीछा कर रहे थे। आरोपितों को पुलिस ने गुना से लगभग 250 किलोमीटर दूर देवास जिले से पकड़ लिया है।

गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र की रुठियाई पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग बैतूल-ग्वालियर संख्या- 76 पर रविवार सुबह एक चलती कार को रुकवाकर उसमें सवार दुल्हन को बदमाश अगवा कर ले गए। वारदात सुबह 10 बजे उस समय अंजाम दी गई, जब दुल्हन को अशोकनगर जिले से ब्याह कर दूल्हा अपने घर राजस्थान जा रहा था। बदमाशों ने कार के शीशे चाकू से तोड़कर जबरन दुल्हन को कार से बाहर निकलवाया था।

**दूल्हे की गाड़ी के पहियों की हवा निकाली**

इतना ही नहीं, दूल्हे की कार के पहियों की हवा निकाल दी, ताकि कोई पीछा न कर सके। इसके बाद फरार हो गए।सूचना मिलने के बाद गुना पुलिस ने आरोपितों को घटना स्थल से लगभग 250 किमी पीछा कर देवास जिले में पकड़ लिया। बदमाशों के चंगुल से दुल्हन को छुड़ाया।

**पांच घंटे किया पीछा**

राघौगढ़ एसडीओपी दीपा डोडवे ने बताया कि आरोपितों की जीप में जीपीएस सिस्टम लगा था, जिससे उनकी लोकेशन मिलती रही और पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। करीब पांच घंटे बदमाशों को पकड़ने में लगे।

**पूरी बरात पहुंच गई थाने**

दूल्हा विक्रम नायक राजस्थान के सवाई माधोपुर का रहने वाला है। उसने बताया कि बदमाश काफी देर से पीछा कर रहे थे। कार में दुल्हन की मौसी और दादी भी थीं। घटना के बाद पूरी बरात धरनावदा थाने की रुठियाई पुलिस चौकी में पहुंच गई।

**प्रेम-प्रसंग का मामला होने की आशंका**

पुलिस के अधिकारियों को वारदात का पता चला तो तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई। इस दौरान दुल्हा मायूस होकर थाने की कुर्सी पर बैठ गया। घटना ने उसे स्तब्ध कर दिया है। वहीं, पुलिस को मामले में प्रेम-प्रसंग की आशंका है।

धरनावदा थाना प्रभारी प्रभात कटारे का कहना है कि दुल्हन का अपहरण करने वाले पांच आरोपित देवास से पकड़े गए हैं। दो भाग गए हैं। मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है। आरोपितों को दुल्हन जानती है या नहीं, यह पूछताछ में पता चलेगा।

## पीले-पीले ओ मोरे राजा...', पन्ना में टीआई के बर्थडे पर थाने में लगे ठुमके, चार लाइन अटैच



पन्ना। पन्ना जिले के धरमपुर थाना परिसर में शनिवार रात टीआइ बलवीर सिंह के जन्मदिन पर वार्दी वालों ने नियमों को ताक में रखकर खूब ठुमके लगाए। इस दौरान पीले-पीले ओ मोरे राजा सहित कई गाने बजाए गए, जिस पर पुलिसकर्मी झूमते नजर आए। परीक्षा के दिनों में शोर-शराबे के बीच तीव्र संगीत बजा।

आपत्तिजनक गानों पर जवान घंटों नचे। इतना ही नहीं थाने में केट कटा और पूरी पार्टी के वीडियो को पुलिस वालों ने इंटरनेट मीडिया के स्टेटस पर भी सजा लिया। रविवार सुबह जब डांस पार्टी के वीडियो वायरल हुए तो पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण थोटा खुद थाने पहुंचे। मामला समझा और गलती नजर आने पर एएसआई रावेंद्र, आरक्षक अखिल, अशोक और अजय पटेल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। मामले की जांच एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया को दी गई है। दो रा'यों की सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी है




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला चौकी गौर में निक्की बर्मन उम्र 27 वर्ष निवासी सुभाष नगर मोहनिया रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 8 बजे वह तथा उसका दोस्त दुर्गेश अहिरवार, मां दुर्गा बाई, परिचित के जुम्मन परते के साथ दवाई लेने के लिये बरेला गये थे जहां से वापस आ रहे थे वह एवं दुर्गेश अहिरवार अपनी मोटर सायकल में थे मां ओर जुम्मन दूसरी मोटर सायकल में थे हम लोग हाईवे अख्तर डेरी के पास पहुँचे पीछे से आ रही लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 एलए 9307 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुये जुम्मन की मोटर सायकल में टककर मार दिया

**आगामी त्यौहारों के परिपेक्ष्य मे सर्तकता बरतने एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने, असामाजिक तत्वो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने, फरार अपराधियों, वारंटियों को गिरफतार करने, अवैध नशीले पदार्थो/शराब कार्यावाही एवं यातायात दुर्घटना मे कमी लाने के निर्देश दिए गए**

# पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन अनिल सिंह कुशवाह द्वारा जोन के डी.आई.जी. एवं पुलिस अधीक्षक की बैठक ली गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आई.जी. श्री अनिल सिंह कुशवाह द्वारा जोन के डी.आई.जी. एवं एस.पी. की बैठक ली गई, बैठक मे पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक, छिंदवाडा रेंज श्री सचिन अतुलकर, पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज श्री अतुल सिंह, पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिजीत कुमार रंजन, पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता, पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर श्रीमति मृगाखी डेका, पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा श्री सुंदर सिंह कनेश एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा श्री अजय पांडे उपस्थित रहें। श्री अनिल सिंह कुशवाह के द्वारा कानून व्यवस्था स्थिति की समीक्षा कर निर्देशित किया कि अगामी त्यौहारों के परिप्रेक्ष्य में सर्तकता बरती जावे, सोशल मीड़िया पर पैनी निगाह रखी जावे, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाड़ने वाले अथवा धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले लोगो, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जावे, होलिका दहन, धूलेडी, रंग पंचमी, रमजान, ईद, चैत नवरात्र आदि त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूस एवं आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारों के दौरान बाजारों/मार्केट मे पुलिस व्यवस्था लगाई जाकर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।लंबित अनसुलझे अपराधों की समीक्षा कर हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, लूट के ऐसे प्रकरण जिनमे अभी तक आरोपियों की गिरफतारी नहीं हुई है उनमें अज्ञात आरोपियों की पतारसी करने, ईनाम उद्घोषणा करने, आरोपी शीघ्र गिरफतार करने तथा संपत्ति संबंधी अपराध नकबजनी, चोरी, लूट के प्रकरणों मे पुलिस टीम लगाकर आरोपियों की पतारसी कर माल मशरूका बरामद करने के निर्देश दिए गए।

जघन्य गंभीर सनसनीखेज अपराधों में चिन्हित अपराधों की समीक्षा कर चिन्हित अपराधों की तत्परता से विवेचना करने एवं विवेचना/न्यायालय विचारण मे लंबित चिन्हित अपराधों की प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति/जनजाति पर घटित अपराधों के 02 माह से अधिक अवधि से लंबित अपराधों के कारणों की समीक्षा कर उनमे अतिशीघ्र माननीय न्यायालय मे चालान प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति/जनजाति संबंधी प्रकरणों मे पुलिस के पास लंबित राहत राशि प्रकरणों मे शीघ्र पूर्ति कर समिति को भेजने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों बलात्कार, अपहरण, शीलभंग की सूचना प्राप्त होने पर तत्परता से कार्यवाही करने तथा क्षेत्र में बालिकाओं/महिलाओ मे सुरक्षा का भाव जागृत हो इस हेतु क्षेत्र मे पुलिस की सतत् उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया।अवैध शराब बेचने वाले, गांजा/स्मैक बेचने वालो व उपयोग करने वाले, जुआँ, सट्टा खिलाने/खेलने वालो पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। आदतन अपराधियों का रिकार्ड छांटकर रा.सु.का., जिलाबदर, 110 की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुम अव्यस्क बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु दिनांक 01.02.2025 से 28.02.2025 तक ''ऑपरेशन मुस्कान'' चलाया गया जिसमें विवेचना मे आई साक्ष्य के आधार पुलिस टीम को विभिन्न स्थानों, मध्य प्रदेश के अन्य जिलों मे तथा मध्य प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेश में भेजा गया। परिणामस्वरूप जबलपुर जोन के जिलों मे माह फरवरी में कुल 246 गुम बालक/बालिकाओं (बालिका-208, बालक-38) को दस्तयाब किया गया। पुलिस अधीक्षकों को इसी प्रकार लंबित गुम बालक/बालिकाओं की पतारसी हेतु निर्देशित किया गया।

यातायात दुर्घटनाओं की समीक्षा कर इनमें कमी लाये जाने हेतु जिले में घटित यातायात दुर्घटनाओं का विश्लेषण, वर्गीकरण कर, यातायात दुर्घटनाए किन स्थानों पर एवं किस समय मे अधिक हो रही है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर घटना के कारणों को ज्ञात कर उनका निराकरण, संबंधित विभाग/एजेंसी से समन्वय कर कराये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस द्वारा जनता को सुरक्षा की दृष्टि से जागरूक कर घरों, कॉलोनी, दुकानों एवं जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामों मे विभिन्न स्थानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरों को लगवाने एवं उनका एक कैमरा की दिशा रोड की ओर रखने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे किसी भी घटना को सुलझाने में जनता का सहयोग उक्त सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से प्राप्त किया जा सकें। सभी जिलो के थानो मे माइक्रो बीट व्यवस्था लागू कर, थानो में पदस्थ प्रत्येक पुलिस अधिकारियों /कर्मचारियों को मोहल्ला/ग्राम वितरित कर बीट की जानकारी एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा ऑन लाईन प्रेषित समंस/वारंट की समीक्षा कर उनकी विधिवत् तामीली करने एवं सीसीटीएनएस मे अपलोड करने के निर्देश दिए गए।



# त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाकर नगर परिषद पाटन में सभी जल स्त्रोत,जलाशयों में समर्पित किया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आदेशानुसार समाज में जल संरक्षण एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के महत्व को जागरूक करने हेतु नगरीय स्तर पर एक विशेष पहल की जा रही है इस पहल के अंतर्गत प्रयागराज में 144 वर्ष उपरांत हो रहे महाकुंभ 2025 के अवसर पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल लाकर नगर परिषद पाटन में सभी जल स्त्रोत,जलाशयों जैसे की तलब,कुएं ,झील, पानी की टंकियों या अन्य स्त्रोतों में समर्पित करने का कार्य किया गया यह कार्य 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में किया गया। इस पहल से निकाय के बुजुर्ग या किसी परिस्थितिवश महाकुंभ नहीं जा सके उन सबके लिए एक प्रकार से तीर्थ स्नान का लाभ पहुंचाया गया,इस पहल से लोगों में जल संवर्धन के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद पाटन अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह तथा समस्त वार्ड पार्षद सहित नगर के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## होली त्यौहार के अवसर पर जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है। होली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 11 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:05 बजे, कटनी 20:50 बजे, मैहर 21:40 बजे, सतना 22:15 बजे पहुँचकर अगले दिन मध्य रात्रि प्रयागराज छिवकी 02:10 बजे और सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01706 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 12 मार्च 2025 को दानापुर स्टेशन से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी सायं 18:35 बजे, सतना 23:50 बजे, और अगले दिन मध्य रात्रि मैहर 00:20 बजे, कटनी 01:25 बजे, सिहोरा रोड 02:50 बजे और भोर में 03:40 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

# एम.पी. ट्रांस्को में आज मनाया जायेगा लाइनमैन दिवस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की 44 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 416 अति उच्व्दाब सबस्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में 04 मार्च को लाइनमैन दिवस मनाया गया। इसके तहत जबलपुर सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा एवं ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ मेंटेनेंस कार्य करने हेतु सुरक्षा शपथ दिलायी जायेगी।

मुख्यालय जबलपुर में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांस्को के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा इस अवसर पर विभिन्न ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में एम.पी. ट्रांस्को के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया जायेगा।

एम.पी. ट्रांस्को के 04 मेंटेनेंस कार्मिक भाग लेंगे

दिल्ली में आयोजित होने वाले लाइनमैन दिवस 2025 मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 04 मेंटेनेंस कार्मिक भारत पर्यावस केन्द्र दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करेंगे इसमें राष्ट्रीय स्तर पर पावर सेक्टर के अग्रिम पंक्ति के मेंटेनेंस कार्मिकों को पुरूस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। एम.पी. ट्रांसको के भोपाल से सहायक अभियंता श्री अंकित मेहरोलिया एवं जबलपुर से मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, इटारसी से दीपक कोरी एवं माहिदपुर से मानसिंह शामिल है।

**समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्षदों के साथ नगर निगम के अधिकारी हुए शामिल**

# केन्ट विधान सभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने विकास कार्यो की कि समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज दिनांक 3 मार्च को केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने विकास कार्यो जिसमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना, कायाकल्प योजना, सीवर, जल समस्या, साफ-सफाई, एवं अद्योसंरचना के संबंध में समीक्षा की गई। जिसमें निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के पार्षद अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, दामोदर सोनी, श्रीमती सावित्री शाह गोड़ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। केन्ट विधान सभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने सभी कार्यो को और गति प्रदान करने तथा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में और बेहतर ढंग से बढ़ोत्तरी करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि केन्ट विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डो में और बेहतर कार्य कराये जायेगें जिससे कि विधानसभा क्षेत्र के वार्डो की तस्वीर बदलेगी और बहुत शीघ्र ही केन्ट विधानसभा क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा।

विधायक श्री रोहाणी ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना, कायाकल्प योजना, साफ-सफाई, जल वितरण व्यवस्था, जलप्लावन की रोकथाम, सीवर के कार्यो को व्यवस्थित करने के अलावा अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो को तेजी से किये जाने अधिकारियों को निर्देश दिये।

# संस्कारधानी से राजधानी दिल्ली के बीच 3-3 ट्रिप चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर के मध्य तीन-तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

होली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 08,12 एवं 15 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 20:20 बजे प्रस्थान कर कटनी 21:35 बजे, मैहर 22:40 बजे, सतना 23:10 बजे पहुँचकर अगले दिन भोर में प्रयागराज छिवकी 04:35 बजे पहुँचकर, और सायं 16:45 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 09, 13 एवं 16 मार्च 2025 को आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से सायं 18:05 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन प्रयागराज छिवकी भोर में 03:35 बजे, सतना सुबह 07:15 बजे, मैहर 07:40 बजे, कटनी 08:35 बजे और सुबह में 10:00 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

रेलगाड़ी के हाल्ट :- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविन्दपुरी जंक्शन (कानपुर), इटावा, टुंडला, अलीगढ जंक्शन एवं गाज़ियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से दिनाँक 04 मार्च 2025 से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन से प्राप्त कर सकते है।

### नहाते समय पानी मे डूबे व्यक्ति की तलाश

जबलपुर -थाना बरगी चौकी बरगीनगर मेंसिद्धालिंगैय्या हीरामठ उम्र 40 वर्ष निवासी कामाख्या बैंगलोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंगलोर में ट्रांसपोर्ट का काम करता है वह अपने दोस्त एवं भांजा अभिषेक आरासनाल उम्र 40 वर्ष निवासी कामाक्या बोल्वो बैंगलोर के साथ प्रयागराज कुम्भ में नहाने अपनी कार से गये थे दिनांक 1-3-25 को हम सभी लोग कुम्भ से बरगी डेम होते हुये वापस बैंगलोर जा रहे थे तभी हम सभी लोगों बरगी नगर पुल घाट पर स्नान करने के लिये रूके थे लगभग 10-30 बजे सभी लोग स्नान कर चुके थे भांजा अभिषेक एक बार तैरकर वापस आ गया था दोबारा तैरने के लिये कूंदा था

# जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर के मध्य 3-3 ट्रिप चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर के मध्य तीन-तीन ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है। स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर से अयोध्या कैंट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार 12, 19 एवं 26 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 19:40 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:50 बजे पहुँचकर अगले दिन मध्य रात्रि प्रयागराज छिवकी 02:30 बजे और सुबह 11:00 बजे अयोध्या कैंट स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट से जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार 13, 20 एवं 27 मार्च 2025 को अयोध्या कैंट स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 21:20 बजे पहुँचकर, अगले दिन मध्य रात्रि 01:10 बजे सतना, मैहर 01:35 बजे, कटनी 02:45 बजे, सिहोरा रोड 03:30 बजे और भोर में 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी। कोच कम्पोजीशन :- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे। रेलगाड़ी के हाल्ट :- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन से प्राप्त कर सकते है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 537/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रोहित यादव, पिता-श्री राजेन्द्र यादव** ने भूखंड क्रं. 57 एवं 58 पिन क्र. 1003267335 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री जगदीश मित्तर नैय्यर,पिता श्री वाई.पी.आर. नैय्यर, क्षेत्रफल 3000 व.फु. **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 536/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वर्षा सिंह, पति श्री आशीष सिंह** ने फ्लैट क्रं. 501 पिन क्र. 1004038699 का भाग **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) एस.के.बी. प्रोजेक्ट प्रा.लि. द्वारा श्री संकल्प पारवानी, पांचवी मंजिल 1161 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 535/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **डॉ. रूपांशु मेहरा, पिता-श्री राम कुमार मेहरा** ने भूखंड क्रं. 137 पिन क्र. 1000703895 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्रीमती निर्मल कौर बरार, पति श्री जसमेल सिंह बरार,2.श्री जसमेल सिंह बरार,पिता- स्व.श्री मलकीत सिंह बरार, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1100 व.फु., आर.सी.सी., प्रथमतल 1100 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 534/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री राजेश कुमार पशिने, पिता-स्व.श्री बी.के. पशिने,2. श्रीमती संगीता पशिने, पति-श्री राजेश कुमार पशिने** ने फ्लैट क्रं. बी-416 पिन क्र. 1000500002 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) मेसर्स यश बिल्डर्स श्री संजय खेता, पिता- श्री व्ही.एस.खेता, चौथी मंजिल 627 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 533/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सपन वर्मा, पिता-श्री लक्ष्मीशंकर वर्मा** ने भवन क्रं. 1127/25 पिन क्र. 1000599006 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री सचिन वर्मा, पिता- श्री लक्ष्मीशंकर वर्मा, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 480 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 480 व.फु. आर.सी.सी., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 532/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती निधि राजपूत, पति श्री रत्नेश सिंह ठाकुर,2. श्री रत्नेश सिंह ठाकुर, पिता-स्व.श्री विजय सिंह ठाकुर** ने भवन क्रं. 1843/1 ए, पिन क्र. 1000515149 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती बीना बाई, पति- स्व.श्री गुलाब चंद्र बम्हन, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 531/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रजनी भारती, पति श्री वीरेन्द्र कुमार भारती** ने फ्लैट क्रं. 814 पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अजय दुबे, पिता स्व. श्री के.के.दुबे एवं श्रीमती अंजू दुबे, पति श्री सुनील दुबे, आठवीं मंजिल 750 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 530/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज श्री रामकृष्ण पाण्डेय, पिता- स्व.श्री परसराम पाण्डेय** ने भवन क्रं. 964/16 पिन क्र. 1000533216 का भाग **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री परसराम पाण्डे, पिता-नंद कुमार पाण्डे, क्षेत्रफल 750 व.फु., भूतल 500 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, बटवारा नामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल- पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने एम.जी.एम. विद्यालय से खजूरी वायपास मार्ग निर्माण में हो रहे विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण के दौरान कोई कठिनाई अथवा समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। सड़क निर्माण में देरी नहीं करें। लापरवाही नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जे.के. रोड निर्माण का पूरा कार्य मार्च 2025 अंत तक पूरा करना सुनिश्चित करें। जे.के. रोड का लोकार्पण अप्रेल 2025 के प्रथम सप्ताह में होगा।



# कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग- अलग स्थानों में होगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया संवाद

भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कटनी जिला औद्योगिक निवेश की दृष्टि से संभावनाओं वाला जिला है। कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी में शीध्र ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में कही।

सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक मुड़वारा श्री संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, विधायक बहोरीबंद श्री प्रणय प्रभात पाण्डे, विधायक बड़वारा श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा और श्री दीपक टंडन मंचासीन रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत माइनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर



संभावनाएं उपलब्ध होंगी, प्रदेश की उन 10 अलग-अलग जगहों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केन्द्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन (विशेषकर धार्मिक पर्यटन) और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में माइनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग के नजरिये से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के नजरिए से अनुकूलता है। राज्य में अलग-अलग प्रकार की परिस्थितियों के साथ संभावनाएँ भी है। मध्यप्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नये युग की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर श्री अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी श्री दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से संवाद कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप-प्रज्जवलन से की। इसके बाद उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन नें मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सैंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।

# पीथमपुर में अब तक यूनियन कार्बाइड के 6750 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन

भोपाल-(आरएनएस) उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 2802/2004 (आलोक प्रताप सिंह विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य) में विगत 18 फरवरी 2025 को पारित आदेशानुसार यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का प्रथम ट्रायल रन 27 फरवरी 2025 से मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रा.लि. पीथमपुर, जिला धार द्वारा संचालित इंसीनरेटर में किया जा रहा है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बताया कि आज 02 मार्च,2025 को शाम 05 बजे तक 6750 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। अपशिष्ट के साथ लगभग 6750 किलोग्राम लाईम भी मिलाकर दहन किया गया है। फ्लू गैसेस की सफाई हेतु लगभग 7500 किलोग्राम लाईम, 3750 किलोग्राम एक्टीवेटेड कार्बन तथा 50 किलोग्राम सल्फर का उपयोग किया गया। अपशिष्ट को जलाने हेतु लगभग 33 हजार लीटर डीजल की खपत हो चुकी है। अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से हो रहे इमीशन की लगातार मॉनिटरींग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगभग 20 अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। साथ ही इमीशन के लगातार मॉनिटरींग के लिये ऑनलाईन कन्टीन्युअस इमीशन मॉनिटरींग सिस्टम (ह्ष्टश्वरूस्) भी संचालित है। चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाये जा रहे है। संभागायुक्त श्री सिंह ने बताया कि पर्टीक्यूरेट मेटर का उत्सर्जन 9.6 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है,

# लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन- राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव

## पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कॉन्फ्रेंस



भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईव्हीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराये जा चुके हैं। मध्यप्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज्य निर्वाचन आयोग की 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में कही। कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जाने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परीक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत का यह अनुभव है कि जब भी निर्वाचन संबंधी कोई महत्वपूर्ण प्रयोग होते हैं, तो सबसे पहले स्थानीय निर्वाचनों में होते हैं। जब महिलाओं को प्रतिनिधि संस्थाओं में आरक्षण का विचार आया, तो सबसे पहले पंचायतों और स्थानीय निकायों में इसे लागू किया गया। मध्यप्रदेश में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछड़े कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रक्रिया में बदलाव करते रहें।

## गोबर व गौमूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार गौ सेवा का आदर्श स्थल बनेगा - उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार, गौ सेवा का आदर्श स्थल बनेगा। गौवंश वन्य विहार में अधोसंरचना व विकास के अधिकतर कार्य पूर्णता की ओर हैं। गौवंश वन्य विहार में संरक्षित गौवंश के गोबर व मूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर इसे पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। श्री शुक्ल ने एक करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए प्रशासनिक भवन गौ कार्यालय का लोकार्पण किया। गौ-कार्यालय के नव निर्मित हॉल में समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार में शेष कार्यों की विभागवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि गौवंश वन्य विहार में जल की निर्बाध आपूर्ति होती रहे इसलिए आवश्यक है कि भूजल स्तर कम न हो। उन्होंने गौवंश वन्य विहार से लगे



तालाब को नदी से भरने के निर्देश दिए। द्वितीय चरण के तहत नाला में रपटा कम स्टॉप डैम, चेकडैम तथा शेष बाउन्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश बैठक में दिए गए। उन्होंने कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। आगामी समय में सब स्टेशन का भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में गौवंश वन्य विहार में गौ सेवा के लिए प्रोटोकाल बनाकर कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संरक्षित गौवंश का डाटा शीट में पूर्ण विवरण दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि गोबर व गौमूत्र से बनने वाले उत्पादों का विक्रय कर गौवंश वन्य विहार को पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। गोबर से बनने वाली खाद का विक्रय किया जाएगा। किसानों को गौशाला से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से होगा ताकि वह यहाँ से जरूरत के अनुसार खाद क्रय कर सकें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बॉयो गैस प्लांट को शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा मृत पशुओं के निष्पादन की यूनिट लगाने का काम शीघ्र प्रारंभ कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का आदर्श संचालन सुनिश्चित कराते हुए गौ सेवा के साथ ही इसे पूर्णत: आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने गौवंश वन्य विहार में निर्मित रेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम किया तथा प्रात:काल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए गौवंश को चारा एवं गुड़ खिलाया।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, सीसीएफ राजेश राय, अमित अभयरामदास महाराज, समाजसेवी राजेश पाण्डेय, सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बच्चों को हम जैसा बनाएंगे, जैसा सिखाएंगे, वैसे बनकर वह आगे बढ़ेंगे- राज्यमंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। इनकों हम जैसा बनाएंगे, जैसा सिखाएंगे वैसा बनकर वह आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह बात अवधपुरी में एक निजी स्कूल के शुभारंभ अवसर पर कहीं।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह पहला ऐसा स्कूल है, जिसमें वह सारी सुविधाएं हैं, जो सुविधाएं छोटे बच्चों को मिलनी चाहिए। स्कूल में बहुत छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखा गया है जो बच्चों की सुरक्षा का, बच्चों के मनोरंजन का, बच्चों के ज्ञान का, हर दृष्टि से यहां आने वाला बच्चा हर तरफ से समृद्ध होकर जाए। इस दृष्टि से हमारा यह प्री स्कूल निश्चित रूप से हमारी नई पीढ़ी को संस्कारित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा।

पार्षद श्रीमती मधु शिवनानी, श्री जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष श्री सुरेंद्र दुबे, श्री गणेश राम नागर, पार्षद श्री वी शक्ति राव, श्री राजेश्वर सिंह, स्कूल की प्रिसिंपल श्रीमती रुचि विनोद सिंह, श्री रामेश्वर भैया, श्री विनोद सिंह, श्री प्रसाद पटेल और सभी गणमान्य नागरिक बंधु मौजूद रहे।

# महाप्रबंधक ने भोपाल मंडल के कार्यो की समीक्षा एवं भोपाल-इटारसी रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण




जबलपुर (आरएनएस)। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सोमवार 03 मार्च 2025 को मंडल कार्यालय भोपाल में मंडल के कार्यो की समीक्षा बैठक की। महाप्रबंधक ने मंडल में चल रहे प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।तत्पश्चात भोपाल-इटारसी रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण किया। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सहित मंडल के शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के
पुनर्विकास कार्यों की ली जानकारी

महाप्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना के तहत भोपाल मंडल में चल रहे पुनर्विकास स्टेशनों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं जल्द मिल सके और रेलवे राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सके।

भोपाल-रामगंजमंडी नई रेल लाइन प्रोजेक्ट

महाप्रबंधक ने भोपाल-रामगंजमंडी नई रेल लाइन परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय विकास और यात्रियों की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रेललाइन से माल परिवहन की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे व्यापार और औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। रेलवे के विकास कार्यों को गति देने के निर्देश बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे यात्रियों की सुविधाओं और माल परिवहन में सुधार लाने के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यात्री और मालभाड़ा सुविधाओं में सुधार के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए। संरक्षा, सुरक्षा और यात्री सुविधा हमारी प्राथमिकता है।

भोपाल-इटारसी रेलखंड का किया संरक्षा निरीक्षण

महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल से इटारसी रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों, सिग्नल प्रणाली, ट्रैक की स्थिति और सुरक्षा एवं संरक्षा मानकों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैकों एवं पुलों का रखरखाव नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे ट्रेनों की गति और सुरक्षा में सुधार हो। भोपाल मंडल में यात्री सुविधाओं को उन्नत करने के लिए कई योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। मंडल में स्टेशन पुनर्विकास, डिजिटल यात्री सुविधाएं और संरक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# मध्यप्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण- मंत्री सारंग



भोपाल- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 से 7 मार्च तक आयोजित होगी। मंत्री श्री सारंग ने 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप के आयोजन स्थल का खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मार्च को शाम 4 बजे पांच दिवसीय 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है जिससे प्रदेश में वॉटर स्पोर्टस खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा और युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स में भागीदारी के लिए मध्यप्रदेश देश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो इस दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमे 2 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स 7 मार्च 2025 को संपन्न होंगे जिसमे 7 इवेंट्स सुबह एवं 7 की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएँगी।

# गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट, जो बाजार की अनिश्चितता में देगा वित्तीय सुरक्षा

मुंबई-(आरएनएस) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिक्विडिटी मिलती है।

इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5त्न की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से निपटने में मदद मिलती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, श्री अमित पालटा ने कहा, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज़ कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, जैसा कि हमने हाल के महीनों में देखा है, आज के अनिश्चित आर्थिक माहौल में बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे समय में ग्राहक गारंटीड रिटर्न वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता देते हैं, जो उनकी पूँजी को सुरक्षित रखते हुए उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करे। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट ग्राहकों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाते हुए उनके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा, इस प्लान का बढ़ती हुई आय का विकल्प ग्राहकों को महँगाई से निपटने में मदद करेगा। हमारे ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता हमारे 99.3त्न के इंडस्ट्री-लीडिंग क्लेम सेटलमेंट रेशियो (9 महीने- वित्त वर्ष 2025) और सिर्फ 1.2 दिनों के औसत क्लेम सेटलमेंट समय (गैर-जाँच के मामलों में) में साफ झलकती है।

## हिंदी लेखिका संघ का 30वां वार्षिक कृति पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 2024-25 संम्पन्न

# महिलाओं ने अपनी लेखनी से समाज को दिशा दी - मंत्री सुश्री भूरिया


भोपाल-(आरएनएस) लेखन समाज का दर्पण होता है। जब एक लेखिका अपनी रचनाओं के माध्यम से महिलाओं की स्थिति, उनके अधिकारों, उनके संघर्षों और उनके उत्थान की बात करती है, तो वह केवल अपनी ही कहानी नहीं बयां करती, बल्कि वह उन सभी महिलाओं की बात करती है जो मौन हैं, जो संघर्ष कर रही हैं और जो बदलाव की प्रतीक्षा कर रही हैं। यह बात महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहीं। वे हिंदी भवन के सभागार में हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 30 वां वार्षिक कृति पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 2024-25 में संबोधित कर रही थी।

सुश्री भूरिया ने कहा कि लेखन समाज के हर वर्ग को संदेश देता है। महिला लेखिकाओं का योगदान अमूल्य है और हम सभी को इसे पहचानने और प्रोत्साहित



करने की जरूरत है।उन्होने कहा कि हिन्दी साहित्य का इतिहास समृद्ध और विविधताओं से भरा हुआ है, जिसमें नारी का योगदान एक अहम् और विशिष्ट स्थान रखता है। हमारे देश के साहित्य में अनेक महान लेखिकाओं का योगदान रहा है, जिन्होंने न केवल समाज में विद्यमान सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव को उजागर किया, बल्कि उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से नारी के अधिकारों की लड़ाई भी लड़ी। यही कारण है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिला लेखिकाओं ने केवल साहित्य में ही नहीं, बल्कि समाज में भी एक नई दिशा का संचार किया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रारंभ में महिला लेखकों को पुरुष लेखकों के मुकाबले कम मान्यता मिलती थी। लेकिन समय के साथ हमारे समाज और साहित्य में बदलाव आया है। आज ऐसी अनेक महिला लेखिकाएं हैं, जिन्होंने अपने लेखन से साहित्यिक जगत को एक नया आयाम दिया है। महिला लेखिकाओं ने हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। चाहे वह कहानी हो, कविता हो, उपन्यास हो या निबंध हो, हर रूप में उनकी आवाज़ सुनाई दी है।

महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि यह सम्मान समारोह नई लेखिकाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। हमें यह समझने की जरूरत है कि साहित्य में नया दृष्टिकोण, नयी सोच और नवाचार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। आज हम जिन लेखिकाओं को सम्मानित कर रहे हैं, उन्होंने न केवल साहित्य की दुनिया को समृद्ध किया है,



हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।

## एक पुराने युद्ध की समाप्ति की संभावना

अपनी पॉवर- पॉलिटिक्स के तहत ट्रंप साफ पैगाम दे रहे हैं कि चीजें वो तय करेगा, जिसके पास शक्ति है। इस क्रम में वे शक्तिशाली नेताओं से संपर्क जोड़ रहे हैं। पुतिन को वे वैसा ही नेता समझते हैं। सऊदी अरब में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्रियों की हुई बैठक का सार है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को डंप कर दिया है। वैसे उसने पूरे यूरोप को ही अधर में छोड़ दिया है। ये सब अब अपने जख्मों को खुद ही सहलाने के लिए मजबूर हैं। मार्को रुबियो और सर्गेई लावरोव की बातचीत में अमेरिका और रूस चार सूत्रों पर सहमत हुए। वैसे तो दुनिया का ध्यान यूक्रेन युद्ध संबंधी वार्ता पर था, मगर उससे आगे जाते हुए दोनों देश आपसी संबंध को पुनर्स्थापित करने के कदम उठाने पर भी रजामंद हुए। इसके तहत पहला लक्ष्य कूटनीतिक संबंध की बहाली है। रुबियो ने दो टूक कहा कि युद्ध खत्म हुआ, तो रूस पर से आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध भी हटाए जाएंगे। बातचीत के कुछ घंटों बाद राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेनेंस्की पर गंभीर इल्जाम लगाए। कहा कि इस युद्ध के लिए जेलन्स्की दोषी हैं और अब वे अपने देश में बेहद अलोकप्रिय हैं। जेलेन्स्की ने एतराज जताया था कि अमेरिका ने बिना यूक्रेन को शामिल किए उनके देश के बारे में सीधे रूस बातचीत शुरू कर दी है। इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्रंप ने कहा कि लड़ाई जेलेन्स्की ने शुरू की और इसे खत्म करने के लिए उनके पास तीन साल का वक्त था। ट्रंप ने अरबों डॉलर की अमेरिकी मदद के उपयोग को लेकर भी संदेह जताया। उधर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पहल पर अमेरिका के अचानक रुख परिवर्तन से आहत यूरोपीय नेताओं की हुई बैठक कोई ठोस कार्य योजना बना पाने में नाकाम रही।

# आखिर बसपा की सियासी दुर्गति के लिए मायावती अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर क्यों थोप रही हैं?

कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरी वश वह बिल्कुल अकेले बच गई हैं। उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की नेत्री सुश्री मायावती भले ही दलित की बेटी हैं, लेकिन जब दलित राजनीति के रथ पर सवार होकर वह सूबाई सत्ता और पार्टी दोनों के शीर्ष तक पहुंचीं तो दौलत पसंद बन गईं। उन्होंने अपनी सारी नीतियों को दौलत बटोरने के ही इर्दगिर्द केंद्रित कर दिया। जिससे दृढ़ स्वभाव की इस महिला नेत्री ने न केवल अकूत धन बटोरीं, बल्कि अपनी पार्टी को भी खूब आगे बढ़ाया। इस क्रम में उन्होंने जायज-नाजायज का ख्याल तक नहीं रखा। क्योंकि दलित समर्थक एक कानून हमेशा उन जैसों की कानूनी ढाल बन जाता है।हालंकि, वक्त का पाशा पलटते ही अब वही दौलत उन जैसी अविवाहित महिला के गले की फांस बन चुका है।

कहना न होगा कि जिस बामसेफ ने देश की दलित राजनीति को एक मजबूत प्रशासनिक आधार दिया, उसकी भी मायावती काल में इसलिए एक न चली, क्योंकि परिवार और पार्टी से आगे की सोच-समझ उनमें विकसित ही न हो पाई। दरअसल, बसपा के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के मेहनत से फली-फूली धुर ब्राह्मण विरोधी दलित पार्टी बसपा पर मायावती ने उनके जीते जी ही अपना कब्जा जमा लिया और अपने सहोदर भाई आनंद की मदद से निरंतर मजबूत होती चली गईं, लेकिन जब से उन्होंने सत्ता प्राप्ति की गरज से ब्राह्मणों के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर विकसित किया, तब से उन्हें अप्रत्याशित राजनीतिक सफलता तो खूब मिली, लेकिन उनका मूल कैडर इधर उधर छिटकने लगा।

इसके अलावा, जब से समाजवादी पार्टी प्रमुख मुलायम सिंह यादव से उनकी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भाजपा नेताओं की शह पर तेज हुई, तब से दलित समर्थक ओबीसी भी उनसे छिटकने लगे। वहीं, भाजपा के समर्थन से सत्ता की राजनीति जबसे उन्होंने शुरू की, तब से मुस्लिम वोटर भी बसपा से दूरी बनाने लगे। हालांकि, सत्ता संतुलन के लिए उन्होंने सवर्णों, ओबीसी और अल्पसंख्यक नेताओं को मलाईदार पद दिए, जिससे दलित भी उनसे ईर्ष्या करने लगे। इन सब कारणों से बसपा का जनाधार छीजता चला गया।

वहीं, कभी भाजपा, कभी समाजवादी पार्टी, कभी कांग्रेस और कभी अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन की राजनीति करके उन्होंने खुद को तो मजबूत बनाने की पहल की, लेकिन उनकी अड़ियल और हठी रवैये के चलते उनकी पटरी किसी से नहीं बैठी और अब राजनीतिक मजबूरी वश वह बिल्कुल अकेले बच गई हैं। सवाल है कि तीन बार भाजपा या सपा के सहयोग से और एक बार अपने दम पर हासिल बहुमत से यूपी की मुख्यमंत्री बनने वाली मायावती, केंद्रीय राजनीति में अपने अच्छे-खासे सांसदों के बल पर दबदबा रखने वाली मायावती आखिर इस सियासी दुर्दिन को कैसे प्राप्त हुईं।

तो जवाब यही होगा कि एक ओर उनका पारिवारिक प्रेम और दूसरी ओर भावनात्मक रूप से जुड़े नेताओं-कार्यकर्ताओं की मौद्रिक कारणों से उपेक्षा। हालांकि, जब तक वह इस बात को समझ पाई, तबतक बहुत देर हो चुकी है। आज उनके सांसदों और विधायकों की संख्या न के बराबर है। ऐसे में उनके घर में और पार्टी में जो पारिवारिक कोहराम मचा हुआ है, वह कोई नई बात नहीं है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में ऐसी घटनाएं घटती रहती हैं।

हालांकि, यह भी कड़वा सच है कि अपनी जिस जिद्दी स्वभाव के चलते वह सियासत में खूब आगे बढ़ीं, अब उसी जिद्दी स्वभाव के चलते उनकी पार्टी और परिवार दोनों बिखराव के कगार पर है। वहीं, 70 वर्षीय मायावती सूझबूझ से काम लेने के चक्कर में गलतियां पर गलतियां करती जा रही हैं। जिस तरह से वो अपने ही निर्णय को बार बार पलट देती हैं, उससे उनकी सियासी साख भी चौपट हो रही है। इससे सीएम-पीएम बनने का उनका ख्वाब तो चूर हो ही रहा है, लेकिन जोड़-तोड़ से राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति या राज्यपाल बनने या फिर केंद्रीय मंत्री बनने की बची खुची संभावनाएं भी समाप्त होती जा रही हैं। चूंकि देश की दलित राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि ओबीसी नेताओं की तरह ही दलित नेता भी एक दूसरे राज्यों के बड़े दलित नेताओं से स्वभाविक समझदारी विकसित नहीं कर पाए और खुद को कमजोर करते चले गए।

## वन्यजीवों के अस्तित्व पर संकट और उनके संरक्षण की आवश्यकता

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं।

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त- लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

## औद्योगिक क्रांति की नई कहानी लिख रहा है मध्यप्रदेश

गोविन्द सिंह राजपूत

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में दो दिन पूर्व संपन्न दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे भारत की अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति ने इस समिट को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए लोकल से ग्लोबल दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इस रणनीति के तहत रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के ठोस प्रयास किए गए हैं। ये पहल न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति दे रही हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही हैं। औद्योगिक विकास की नींव तब मजबूत होती है जब स्थानीय उद्योगों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और निवेश का अवसर मिलता है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने बीते कुछ महीनों में संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए, जिनका उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को निवेशकों और बड़े उद्योगपतियों से जोडना था।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कारण

स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान मिली। छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जोड़ा गया।

इससे निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने की रुचि दिखाई। इसके साथ ही उद्योगों को और अधिक अनुकूल माहौल देने के लिए आवश्यक बदलावों पर विचार किया गया। बढ़ते उद्योगों के कारण युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित हुए। इन कॉन्क्लेव्स के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे छोटे और मझोले उद्योगों को नई उड़ान मिली। प्रदेशभर में रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक निवेश को भी आकर्षित करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी। औद्योगिक क्रांति के इस नए दौर में, मध्यप्रदेश सिर्फ निवेशकों के लिए एक संभावनाओं से भरा प्रदेश नहीं, बल्कि एक ऐसा हब बन गया है जहां उद्योग, व्यापार और नवाचार एक साथ विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन प्रयासों का प्रभाव और अधिक स्पष्ट होगा, जिससे प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा।

## जानिए रमज़ान माह में 5 वक्त की नमाज अदा करने का महत्व, मौलाना बताए इबादत करने के फायदे

पूरे देश में रमज़ाक का पाक महीना की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान रोजे रखें जाते हैं। मुस्लिम लोग नमाज के माध्यम से अल्लाह की इबादत करते हैं। रमज़ान के महीने में प्रत्येक मुसलमान को 5 वक्त की नमाज को पढ़ना जरुरी माना गया है। इन 5 नमाजों का नाम फजरस जुहर, असर मगरिब और ईशा है। आपको बता दें कि, इन नमाजों को अलग-अलग समय पर अदा किया जाता है।

इतना ही नहीं, कई नफील नमाजें पढ़ी जाती है, जो अलग-अलग दिन और अलल-अलग अवसर पर अदा की जाती हैं। नमाज के माध्यम से अल्लाह पाक से अपनी गुनाहों की माफी मांगी जाती है। इसके अतिरिक्त नमाज के अंदर कई तरह की पोजीशन होती है, जो मन को शांति देने के साथ-साथ कई तरह के शारीरिक लाभ भी मिलता है। गौरतलब है कि नमाज अदा करते समय सबसे पहले साफ-सुथरे कपड़े पहनकर, हाथ-मुंह व पैर धुल कर किया जाता है। इस्लाम में 5 स्तंभ या फर्ज माने गए हैं। जिन्हें अमल करना हर मुस्लिम के लिए जरुरी होता है। नमाज अदा करते समय इंसान अल्लाह के सबसे करीब माना जाता है। रमज़ान के महीने में सबसे पहले दिन की शुरुआत यानी के सुबह की नमाज को फजर कहा जाता है। सूरज निकलने से पहले फजर की नमाज पढ़ी जाती है।

## दिल्ली को विश्वस्तरीय अत्याधुनिक राजधानी बनाने का उचित अवसर

देश का दिल दिल्ली की पहचान दुनिया भर में भारत की राजधानी के रूप में होती है, जो एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में चलती है, जहां पर कुछ शक्तियां राज्य सरकार व कुछ शक्तियां केंद्र की सरकार के पास होती है। केंद्र व राज्य दोनों के बेहतर सामंजस्य से ही दिल्ली का शासन बेहतर ढंग से चल सकता है। देश की राजधानी होने के चलते दिल्ली में ही भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य व अन्य न्यायाधीश, सेनाध्यक्ष, केंद्रीय कैबिनेट, दिल्ली के उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि बहुत सारे देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोग रहते हैं, राजधानी होने के चलते दिल्ली में राजकीय व अधिकांश केंद्रीय कार्यालय भी है। रोजी-रोटी, शिक्षा चिकित्सा व देश की सबसे ताकतवर सत्ता का मुख्य केंद्र बिंदु होने के चलते ही देश की आज़ादी के बाद से ही दिल्ली की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई थी। दिल्?ली में तेजी से बढ़ती आबादी की समस्?याओं के समाधान करने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1962 में बने दिल्ली के पहले ही मास्टर प्लान में यह सिफारिश की गई थी कि दिल्ली के साथ-साथ इसके आसपास के राज्यों के शहरों को भी एक उप महानगरीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। जिस परिकल्पना को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 1985 में नेशनल केपिटल रिजन प्लानिंग बोर्ड की शुरुआत की गई थी। जिससे इस पूरे क्षेत्र में व्यवस्थित विकास के लिए कार्य योजना बना करके उसका धरातल पर कार्यान्?वयन किया जा सकें और एनसीआर क्षेत्र में शामिल किसी भी क्षेत्र का विकास अव्?यवस्थित ढंग से होने से रोका जा सकें। दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए ही वर्ष 1985 में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर के दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तो घोषित कर दिया गया था, लेकिन चार राज्यों व केंद्र की सरकारों के बीच का मामला होने के चलते उस वक्त की गयी पूरी प्लानिंग आज तक भी धरातल पर पूरी तरह से परवान नहीं चढ़ पाई है। जिसका बड़ा खामियाजा दिल्ली व एनसीआर की जनता लगातार भुगत रही है। सिस्टम को सर्वोच्च न्यायालय की बार-बार फटकार लगने के बावजूद भी दिल्ली व एनसीआर के निवासी स्वच्छ पेयजल व स्वच्छ सांसों तक के लिए तरस गये है। आज खराब पानी व प्रदूषित वायु के चलते दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के बड़ी संख्या में पेट, लीवर व फेफड़ों से संबंधित रोगी आसानी से मिल जाते हैं। हालांकि हम भारतवासियों की यह खूबी है कि हम विपरीत से विपरीत स्थिति में भी उम्मीद की लो जलाकर रखते हैं। जिसके चलते ही आज भी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र के निवासियों का सपना है

## इस दिशा में मुख करके करना चाहिए गायत्री मंत्र का जाप, सकारात्मक ऊर्जा का होगा संचार

हिंदू धर्म में गायत्री मंत्र को बहुत विशेष माना गया है। वहीं कलियुग में मन को शांत करने के लिए गायत्री मंत्र के जाप को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस मंत्र को काफी शक्तिशाली और पवित्र माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि गायत्री मंत्र का जाप करने से न सिर्फ मन को शांति मिलती है बल्कि इससे आत्मा को भी शुद्धि मिलती है। इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के दिल और दिमाग दोनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़े रखता है। वहीं गायत्री मंत्र का जाप करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस दिशा की ओर मुंह करके गायत्री मंत्र का जाप करना शुभ माना जाता है।

हमेशा पूर्व दिशा की ओर मुंह करके गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे आपको मंत्र जाप का पूरा लाभ मिलता है। लेकिन कई बार परिस्थितियां ऐसी बनती हैं कि आप पूर्व दिशा की ओर मुख करके मंत्र का जाप नहीं कर पाते हैं, तो फिर आप उत्तर दिशा की ओर मुख करके गायत्री मंत्र का जाप कर सकते हैं।

## संयुक्त परिवार से सामाजिक संबंधों की बुनियाद मजबूत

भारत डोगरा

हालांकि अधिक ध्यान आर्थिक विकास की ओर किया जाता है, पर इसके साथ जरूरी है कि समाज सुधार की एक समग्र सोच बने और इस पर आधारित समाज-सुधार के प्रयास भी निरंतरता से चलते रहें।

समाज की सबसे बुनियादी इकाई परिवार है, और अच्छे तथा प्रगाढ़ पारिवारिक संबंध, सुख-दुख में साथ रहने और एकता के संबंध बने रहने चाहिए। यह विभिन्न लोगों की अपनी राय है कि वे संयुक्त परिवार में रहते हैं या अलग पर चाहे जैसे भी रहें, आपसी संबंध अच्छे बने रहने चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए परिवार संभवत- स्कूल से भी अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस जिम्मेदारी के प्रति परिवारों को सचेत रहना चाहिए और साथ ही ध्यान में रखना चाहिए कि अच्छे संस्कार डांट-डपट से नहीं, प्यार के माहौल में बेहतर ढंग से दिए जाते हैं। महिलाओं का सम्मान हर परिवार में होना चाहिए। इसके बिना कोई परिवार आदर्श परिवार नहीं कहला सकता है। उनके प्रति यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि गरिमामय और मर्यादा भरे माहौल में उन्हें सब तरह की बराबरी और स्वतंत्रता मिले ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकें। परिवार की बेहतरी और व्यापक जिम्मेदारी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि परिवार के जो सदस्य समाज की व्यापक भलाई की जिम्मेदारियों के लिए कुछ अलग राह अपनाना चाहते हैं, उन्हें परिवार का समर्थन-सहयोग मिले। आदर्श परिवार वह नहीं है, जो केवल धन एकत्र करता है, बल्कि वह है जो व्यापक सामाजिक भलाई के कायरे से जुड़ता और इनके संस्कार देता है। अच्छे पारिवारिक संबंधों के साथ पड़ोस से अच्छे संबंधों का भी प्रयास होना चाहिए।

समाज-सुधार का दूसरा महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि सभी तरह के नशे और र्दु०?यसनों जुए-अश्लीलता के विरुद्ध अभियान निरंतरता से चलना चाहिए। नशीले पदाथरे के कारण प्रति वर्ष विश्व में 110 लाख से अधिक मौतें होती हैं। इन नशों के कारण जिन लोगों का जीवन तबाह हुआ है, उनकी संख्या तो बहुत अधिक है और विश्व स्तर पर 80 करोड़ के आसपास है। एक तरह का नशा कम हो पर दूसरा बढ़ जाए तो भी कठिनाई बनी रहती है। कुछ कानूनी कार्रवाई हो जाए, पर आदत फिर भी न छूटे, तो भी कठिनाई बनी रहती है। अत- जरूरत इस बात की है कि निरंतरता से हर तरह के नशे को कम करने की समस्या को न्यूनतम करने के प्रयास चलते रहें और इसके लिए गांवों और बस्तियों में महिलाओं के नेतृत्व में नशा विरोधी समितियों का गठन होना चाहिए। अश्लीलता के प्रसार और अन्य हानिकारक व्यसनों को रोकने के लिए भी निरंतरता से प्रयास जरूरी है।

तीसरा महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि समाज में सभी तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए। जाति, धर्म, लिंग, रंग, क्षेत्र किसी भी आधार पर या ऐसी किसी भी पहचान के आधार पर न तो किसी से कोई भेदभाव होना चाहिए और न ही किसी का अपमान होना चाहिए। सभी लोगों की समानता को दिल की गहराई से स्वीकार कर सभी के साथ सम्मानजनक और गरिमामय व्यवहार करेंगे तो हमारा समाज बहुत बेहतर समाज बन सकेगा। समाज में ऐसी व्यापक सोच होनी चाहिए कि अपने से कमजोर आर्थिक-सामाजिक स्थिति के लोगों से व्यवहार सहायता का हो, शोषण का नहीं। इस समानता के आधार पर समाज में व्यापक एकता और सहयोग की स्थिति स्थापित होनी चाहिए। यदि ऐसा हो सके तो हमारे समाज और देश की इतनी उत्साहवर्धक प्रगति हो सकेगी कि दुनिया भर में सराही जाएगी। जिस समाज में समानता आधारित एकता और सहयोग होगा वह समाज सबके मिले-जुले प्रयास से प्रगति की किसी भी बुलंदी को छू सकता है, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। वैसे तो परस्पर एकता और सहयोग से सभी तरह के कार्य आगे बढ़ेंगे पर पर्यावरण रक्षा और आसपास की स्वच्छता को प्राथमिकता का केंद्र बनाना होगा। इसके अतिरिक्त आपसी एकता और सहयोग से ऐसी कई समस्याओं को दूर किया जा सकता है, जिनके कारण बहुत से परिवार परेशान हैं पर जिनका समाधान चंद परिवारों के स्तर पर न कर व्यापक सहयोग की आवश्यकता है। इस तरह दहेज समस्या, कुछ अवसरों पर फिजूलखर्ची आदि को दूर किया जा सकता है, जिनके कारण बहुत से लोग कर्जग्रस्त और तनावग्रस्त हो रहे हैं। समाज-सुधार की समग्र समझ के आधार पर इसके लिए प्रयास निरंतरता से होने चाहिए और इसके लिए समितियों का गठन होना चाहिए। युवाओं और महिलाओं की इसमें विशेष भूमिका होनी चाहिए।

समाज-सुधार की इस सोच का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलित मिलन हो।

कुछ लोग परंपरा के प्रति अत्यधिक झुकाव रखते हैं। भूल जाते हैं कि परंपरागत व्यवस्था और सोच में कुछ ऐसी कमजोरियां थीं जिनके कारण देश को पहले ही बहुत भुगतना पड़ा है। दूसरी ओर, कुछ लोग आधुनिकता से इतने आकर्षित हो जाते हैं कि भूल जाते हैं कि आधुनिकता के कुछ चिंताजनक पक्षों के कारण पश्चिमी देशों के समाज में ऐसी विसंगतियां आ गई हैं जिनके कारण वहां के लोग बहुत चिंतित हैं। अत- सही रास्ता यही होगा कि परंपरा की मजबूतियों और कमजोरियों, दोनों को भली-भांति समझा जाए और इसी तरह आधुनिकता की बुराइयों-अच्छाइयों का भी सही मूल्यांकन किया जाए। केवल परंपरागत व्यवस्था से चिपके रहना उचित नहीं है, तो आधुनिकता की आंधी में इस तरह उड़ जाना भी उचित नहीं है कि हम अपनी बुनियाद को ही खो बैठें। हमें तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और इस आधार पर परंपरा और आधुनिकता के संतुलित मिलन से इसे अपनाना चाहिए। यदि समाज की सबसे बुनियादी इकाई परिवार को ही देखें तो इसमें कोई संदेह नहीं कि संयुक्त परिवार से सामाजिक संबंधों की बुनियाद मजबूत रहती है, और सुख-दुख में अकेले न पडने का विश्वास बढ़ता है, असुरक्षा कम होती है। किन्तु यदि संयुक्त परिवार में ऐसी सख्ती या संकीर्णता हो कि इसके कुछ सदस्यों, विशेषकर महिलाओं को अपनी प्रतिभा का विकास ठीक विकसित करने में बाधाएं नजर आएं तो फिर संयुक्त परिवार में समस्याएं भी आती हैं,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक स्तर पर रुतबा बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र को बढ़ाने के लिए किसी मित्र से आर्थिक मदद मिलेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी दूसरे की ज्यादा आलोचना करने से आज आपको बचना चाहिए, नहीं तो परिस्थितियां आपके विपरीत बनेगी। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप अपने डेली रूटीन में बदलाव करने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको फायदा होगा। सोशल साइंस के स्टूडेंट्स के लिए दिन बढ़िया रहने वाला है, आपको करियर में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप काम के प्रति बेहद एक्टिव रहेंगे। आप खुद को ताजगी से भरा हुआ महसूस करेंगे। जरूरतमंद की मदद के लिए आप हर संभव कोशिश करेंगे। आपका पॉजीटिव व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। आज आर्थिक मामलों को लेकर आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। आज आप जॉब चेंज करने का मन बनाएंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपसी विश्वास और सहजता के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके चुलबुले व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। आज आपको किसी अच्छी कंपनी में काम करने का ऑफर मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज नया व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिलेगा। जियोग्राफी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहने वाला है, दोस्तों से पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त होगा। आपका जीवनसाथी आपको ज्वेलरी उपहार में दे सकते है।

धनु राशि: आज आपका दिन भाग्यशाली रहने वाला है। आपके द्वारा किसी नए काम की शुरआत करने पर परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। मकर राशि: आज किसी काम को करते समय आपको अपने मन को शांत रखना चाहिए।

कुंभ राशि: आज किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, लेकिन मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप किसी जरूरी काम को पूरा करने में सफल होंगे। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। रोजगार के मामले में आप किसी जानकर व्यक्ति से सलाह



प्रमुख कृषि मुद्दों पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई, जिससे जारी गतिरोध और बढ़ गया। बैठक में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां और मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी मौजूद थे। इस बीच, किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहन ने पुष्टि की कि अनिर्णायक बैठक के बावजूद, 5 मार्च को चंडीगढ़ में नियोजित विरोध कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगा।



# झारखंड अब इस्लामिक राज्य, वे इसे बांग्लादेश में विलय कर देंगे, आखिर हेमंत सोरेन सरकार पर क्यों बरसे निशिकांत दुबे

झारखंड-(आरएनएस)। झारखंड सरकार के एक आदेश को लेकर सियासत तेज हो गई है। सरकार ने अपने आदेश में मुस्लिम अधिकारी-कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। इस आदेश में प्रतिदिन शाम चार बजे छुट्टी और जुम्मे के दिन नमाज पढ़ने के लिए दोपहर में विशेष छुट्टी का जिक्र है। अब इसी को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार किया है। निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि झारखंड अब इस्लामिक राज्य है, झारखंड सरकार खुद मानती है कि 648 विद्यालय में छुट्टी रविवार के बदले शुक्रवार को होता है, 2007 में यह आदेश भी कांग्रेस के सरकार में ही लागू हुआ था।



निशिकांत दुबे ने आगे लिखा कि गोल मोल जबाब अंत में यही बताता है कि स्कूल जहाँ ज़बरदस्ती उर्दू लगा व रविवार के बदले शुक्रवार छुट्टी होती है उसकी संख्या हज़ारों में है। उन्होंने बाद में मीडिया से बाद करते हुए कहा कि संपूर्ण जनसांख्यिकी बदल गई है, संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 45त्न से घटकर 28त्न हो गयी है. मुसलमानों की आबादी 9त्न से बढ़कर 24त्न हो गई है। अगर आदिवासी विलुप्त हो गये तो हम कैसी राजनीति करेंगे? झारखंड का गठन आदिवासियों की भलाई के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये बढ़ रहे हैं। सरकार उन्हें खुश करने के लिए क्या कर रही है इसकी परतें खुलती जा रही हैं। मैंने हाल ही में सदन में यह मुद्दा उठाया था कि झारखंड के कई स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई होती है और रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी होती है। मुझे लगता है कि केंद्र को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए, अन्यथा झारखंड की स्थिति ऐसी है कि एक दिन वे इसे बांग्लादेश में विलय कर देंगे। उन्होंने कहा कि कल मेरा ट्वीट रमज़ान के लिए था जहां उन्होंने (राज्य सरकार) सरकारी कर्मचारियों को शाम 4 बजे के बाद जाने की अनुमति दी है। देवघर में हमारी कांवर यात्रा है, पूरे 1 महीने की छुट्टी क्यों नहीं है? हिंदू और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून क्यों?

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नमक हराम की राजनीति करती हैं : अधीर रंजन चौधरी**

मुर्शिदाबाद ,28 फरवरी (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता का कहना है कि सीएम ममता पश्चिम बंगाल की राजनीति में नमक हराम का ज्वलंत उदाहरण हैं।

अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस की कृपा से 2011 में पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार बनी जिसे नमक हराम कहते हैं। कोई ऐसा व्यक्ति जो निजी लाभ के लिए किसी स्थिति का फायदा उठाता है, लेकिन बाद में उन लोगों को छोड़ देता है जिन्होंने उनकी मदद की थी। इसे हम नमक हराम गिरी कहते हैं।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मैं ये बात गलत भाषा में नहीं कर रहा हूं; मैं ये बात शुद्ध भाषा में कह रहा हूं। ममता बनर्जी बंगाली राजनीति में नमक हराम का एक ज्वलंत उदाहरण हैं। 2011 में सोनिया गांधी की मंजूरी और प्रणब मुखर्जी जैसे बड़े व्यक्ति के समर्थन के बिना, वह सत्ता में नहीं आ सकती थीं। कांग्रेस ने उन्हें वह सीट दी जो वह चाहती थीं क्योंकि हम उन्हें सत्ता में लाना चाहते थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नमक हराम की राजनीति करती हैं।

बता दें कि अधीर रंजन चौधरी सीएम ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते रहे हैं।



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन नई दिल्ली में भारत के यूपीआई भुगतान तंत्र के उपयोग के साक्ष्य सत्र के दौरान शामिल होती हुई.



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल के कोलकाता में साइंस सिटी में गौड़ीय मिशन के संस्थापक आचार्य श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें आगमन स्मरणोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए।

# पहाड़ों पर बर्फबारी-बारिश बनी आफत, मैदानों में बारिश-ओलावृष्टि बनी परेशानी

नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर भारत में विदाई से पहले सर्दी एक बार फिर अपना रंग दिखा रही है। पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी और मैदानी राज्यों की बारिश के चलते मौसम फिर से ठंड़ा हो गया है।

सर्द हवाओं ने लोगों को फिर से गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर कर दिया है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार (1 मार्च) को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके कारण बादल छाए रहने के साथ बारिश होने की संभावना है। अफगानिस्तान से पश्चिमी हवाओं के चलते शुक्रवार (28 फरवरी) हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी, बादल फटने और भारी बारिश हुई है।

इससे चमोली जिले में सीमा सड़क संगठन के 55 मजदूर फंस गए, जिनमें से कई को सुरक्षित निकाल लिया गया।

राज्य में करीब 200 सड़कें बंद हो गई साथ ही चंबा और मनाली में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है। आईएमडी ने शनिवार को भी हिमपात की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तराखंड़ के पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी और बारिश के कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है।

सड़कों पर कई बर्फ जमा होने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को भी मौसम विभाग ने पूरे दिन भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की है।

जम्मू में 3 दिनों से लगातार बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हुआ, जिससे कई सड़कों को बंद करना पड़ा। यहां भी आज बर्फबारी का अलर्ट है।

राजस्थान के कुछ सुबह से ही कई जगह बादल छाए रहने के साथ ठंड़ी हवाओं के कारण सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। कुछ स्थानों पर सुबह कोहरा भी नजर आया है। आईएमडी ने बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, भरतपुर संभाग में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीकानेर और चूरू में तेज बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली है। इससे खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है।

आईएमडी ने उत्तर प्रदेश में भी आज कई जिलों में बादल छाए रहने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। इसके अलावा कुछ जगहों पर ओलावृष्टि हो सकती है।

पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश हुई, जिससे दोनों राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिमी विक्षोभ से बिहार के मौसम में बदलाव होगा, जबकि झारखंड़ में 2 दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री का इजाफा हो सकता है।

दिल्ली में शुक्रवार से हो रही बूंदाबांदी के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। इस कारण ठंड़ी हवाएं चलने से लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने आज बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम 15 डिग्री तक रह सकता है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़प में जवान और घुसपैठिये घायल

अगरतला (आरएनएस)। सिपाहीजाला जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ घुसपैठिये भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की. इस दौरान मुस्तैद सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें रोका. तभी घुसपैठियों ने जवानों पर हमला कर दिया. इस दौराह हुई झड़प में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए.

बीएसएफ की ओर जारी जानकारी के अनुसार 20-25 बांग्लादेशी बदमाशों के एक समूह ने शुक्रवार शाम लगभग 7-30 बजे बीओपी पुटिया क्षेत्र में सीमा के पास भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की. तस्करी की गतिविधियों में लगे घुसपैठियों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक गश्ती टीम ने रोका. चेतावनी दिए जाने पर घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों पर हमला कर दिया. इसके परिणामस्वरूप एक बीएसएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए.

स्थिति तब और बिगड़ गई जब बदमाश घुसपैठियों ने बीएसएफ के जवानों से हथियार छीनने का प्रयास किया. विज्ञप्ति के अनुसार खुद को बचाने और स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए एक बीएसएफ के जवान ने आत्मरक्षा में एक पंप एक्शन गन फायर किया,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की.

# अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में बैठक की

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आज शनिवार को गृह मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अन्य लोग शामिल हुए.

यह बैठक 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद हुई. हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता के कारण मणिपुर में करीब दो साल से हालात खराब है. राज्य के राज्यपाल से 13 फरवरी को रिपोर्ट मिलने के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया.

भारत के राजपत्र में प्रकाशित और केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी उद्घोषणा में कहा गया कि मणिपुर विधानसभा की शक्तियां संसद को हस्तांतरित कर दी जाएंगी, जिससे राज्य सरकार का अधिकार प्रभावी रूप से निलंबित हो जाएगा. पिछले साल नवंबर में अमित शाह ने मणिपुर में वर्तमान सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विस्तृत उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई थी.

# देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू, प्रशासन ने मटन-चिकन और अंडे की खरीद-बिक्री पर लगाई रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू (॥5ह्1) का मामला सामने आया है। यह देश में पहली बार है जब पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। प्रशासन ने 30 दिनों के लिए मटन, चिकन और अंडों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही, संक्रमित क्षेत्रों में दुकानों को सील करते हुए आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। नगर निगम के वार्ड संख्या 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 और 45 को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है।

प्रशासन ने बिल्लियों के संपर्क में आए लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी है। 18 बिल्लियों की मौत के बाद उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें दो बिल्लियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। पशु विभाग ने संक्रमित क्षेत्र में बिल्लियों के संपर्क में आए 65 लोगों के सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए। राहत की बात यह है कि इन सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई।

बर्ड फ्लू इन्फ्लुएंजा का एक प्रकार है, जिसका कारण ॥5ह्1 वायरस होता है। यह शुरुआत में पानी के पक्षियों से फैला, लेकिन बाद में मुर्गी पालन उद्योग को तेजी से संक्रमित करने लगा। घरेलू पोल्ट्री इससे संक्रमित हो सकते हैं, और अगर यह किसी पक्षी को संक्रमित करता है तो उसकी मृत्यु की संभावना अधिक होती है। हालांकि, संक्रमित पक्षी इस वायरस को 10 दिनों से अधिक समय तक फैला सकते हैं।

# फतेहाबाद में खड़े ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत और 19 घायल

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह वाराणसी से जयपुर जा रही एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। इसमें बस सवार 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतकों की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी पहचान कर परिजनों को सूचना कर दी। पुलिस ने बताया कि वाराणसी से एक निजी बस सवारियों को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई थी। सुबह साढ़े 5 बजे फतेहाबाद थाना क्षेत्र में चालक के नियंत्रण खो देने से बस ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में राजस्थान निवासी गोविंद (68), रमेश कुमार (45) और आगरा निवासी दीपक वर्मा (40) है। एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इसी तरह 19 अन्य घायल यात्रियों का उपचार जारी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैदराबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में शामिल हुए.



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन रांची में परियोजना भवन में एक कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को लैपटॉप और टैबलेट वितरित करते हुए.

# 13 टीमें, खोजी कुत्ते और ड्रोनजऐसे पकड़ा गया बस में महिला से रेप का आरोपी दत्तात्रेय गाडे

पुणे (आरएनएस)। एक सनसनीखेज मामले में, पुणे बस बलात्कार के आरोपी दत्तात्रय गाडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाडे पर 26 साल की एक युवती के साथ स्वारगेट बस स्टेशन पर एक बस में बलात्कार करने का आरोप है। गुरुवार को पुणे पुलिस ने शिरूर तहसील में ड्रोन और डॉग स्क्वाड लगाई थी ताकि गाडे को पकड़ा जा सके। गाडे को पकड़ने के लिए कम से कम 13 पुलिस टीमें बनाई गई थीं। वह पुणे के गुनट गांव का रहने वाला है। गाडे के खिलाफ पुणे और अहिल्यानगर जिलों में चोरी, लूट और चेन-स्नैचिंग के छह से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह 2019 से एक मामले में जमानत पर बाहर था।

पुणे शहर और पुणे ग्रामीण पुलिस ने गुनट गांव में तलाशी शुरू की, जिसमें गन्ने के खेतों में ड्रोन और डॉग स्क्वाड का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, गाडे उस खेत में नहीं मिला जहां पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। हालांकि, पुलिस की तत्परता और लोगों के सहयोग से आखिरकार उसे धर दबोचा गया।

दत्तात्रय गाडे ने रात साढ़े दस बजे अपने रिश्तेदार महेश के घर का रुख किया। वहां पहुंचने पर उसने अपने रिश्तेदारों से एक बोतल पानी लिया और कहा कि उसने बहुत बड़ी गलती कर दी है। इसके साथ ही उसने आत्मसमर्पण करने की इच्छा भी जताई। इस बीच, रिश्तेदारों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गाडे वहां से चले गए, लेकिन पुलिस ने महेश के घर के आसपास के इलाके में तलाशी शुरू कर दी।

पुलिस ने डॉग स्क्वॉड की मदद ली और गाडे द्वारा पहनी गई शर्ट को कुत्तों से सूंघवाया गया और खोज अभियान शुरू किया गया। इसके आधार पर डॉग स्क्वॉड ने पुलिस को वह रास्ता दिखाया, जिससे गाडे गुजरा था। हालांकि, गाडे उस रास्ते से वापस नहीं लौटा। बाद में पता चला कि वह अपने रिश्तेदार के घर के पास ही एक छोटे कैनल में सो रहा था। ग्रामीणों ने गाडे को महेश के घर के आसपास देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाडे को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी स्वारगेट पुलिस स्टेशन की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रात करीब 1-25 बजे की। इसके बाद, गाडे को तुरंत पूछताछ के लिए पुणे के लश्कर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। बता दें कि पुणे का स्वारगेट महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के सबसे बड़े बस डिपो में से एक है।



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर आज यानी की 03 मार्च को अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस अपने मासूम, क्यूट लुक्स और सिजलिंग अदाओं का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। इनकी खूबसूरती पर हर कोई फिदा है। यह एक खूंखार विलेन शक्ति कपूर की बेटी हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ शानदार सिंगर है। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

# मैं तमिल लड़की नहीं हूं, लेकिन आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य हैः कयादु लोहार



निर्देशक अश्वथ मारीमुथु की हाल ही में रिलीज़ हुई फ़िल्म ड्रैगन से तमिल सिनेमा में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री कायादु लोहार फ़िल्म रिलीज़ होने के बाद से ही दर्शकों से मिल रहे प्यार से अभिभूत हैं।

वास्तव में, इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री की टाइमलाइन इतनी प्रशंसात्मक टिप्पणियों और संपादनों से भर गई है कि अभिनेत्री ने अब इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप डाली है, जिसमें उन्होंने अपने सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया है, जिसे वह अमूल्य कहती हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने इस वीडियो क्लिप में तमिल और तेलुगु में बात की है। कयादु लोहार ने कहा मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। पल्लवी, ड्रैगन और मुझे जो प्यार मिला है, उसने मुझे अभिभूत कर दिया है। चाहे वह सिनेमाघरों में आपकी सीटियां हों या आपके टैग, या इंस्टाग्राम पर स्टोरीज या खूबसूरत कमेंट्स, मैं खुशी से भर गया हूं। मैं तमिल लड़की नहीं हूं। मैं भाषा अच्छी तरह से नहीं बोल सकती। लेकिन आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य है। मुझे विश्वास है कि मैं अपनी फिल्मों के माध्यम से आप सभी के इस प्यार का बदला चुकाऊंगा और आप सभी को गौरवान्वित करूंगा ।

ड्रैगन, जिसे गैर-नाट्य प्रदर्शनों से अर्जित धन के कारण रिलीज से पहले ही सफल घोषित कर दिया गया था, ने बहुत मजबूत शुरुआत की है तथा मात्र तीन दिनों में 50 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। कल्पति एस अघोरम, कल्पति एस गणेश और कल्पति एस सुरेश द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन ने अनुपमा परमेश्वरन और कयादु लोहार के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म का संगीत लियोन जेम्स ने दिया था और छायांकन निकेत बोम्मी ने किया था। फिल्म का संपादन प्रदीप ई.राघव ने किया था और स्टंट विक्की और दिलीप सुब्बारायन ने किए थे। फिल्म की कहानी अश्वथ मरीमुथु और प्रदीप रंगनाथन ने मिलकर लिखी थी जबकि संवाद और पटकथा अश्वथ मरीमुथु ने लिखी थी। फिल्म का सह-निर्देशन रमेश नारायणन ने किया था और वेशभूषा दिनेश मनोहरन और प्रवीण राजा ने तैयार की थी।

### द वेकिंग ऑफ ए नेशन का टीजर जारी, जलियांवाला बाग हत्याकांड का सच आएगा सामने

शो वेकिंग ऑफ ए नेशन का टीजर जारी हो गया है। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाने वाला है। इस शो का निर्देशन नेशनल और इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटेड फिल्ममेकर राम माधवानी ने किया है। वेकिंग ऑफ ए नेशन की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शो की कहानी एक कोर्ट रूम और जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए दंगों और भारत की स्थिति की झलक दिखा रहा है। शो के बारे में बात करते हुए, निर्माता-निर्देशक राम माधवानी ने बताया, मुझे हमेशा से उपनिवेशवाद और नस्लवाद और पूर्वाग्रह के मुद्दों में गहरी दिलचस्पी रही है।

# शॉर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख फैंस के उड़े होश

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।



एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- अमेजिंग एंड स्टनिंग। अनन्या पांडे की लेटेस्ट फोटोशूट कराई गई फोटोज में आप देख सकते हैं, उन्होंने व्हाइट कलर की स्टाइलिश शॉर्ट स्कर्ट और साथ ही शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

## रजनीकांत की कुली में पूजा हेगड़े की एंट्री, पहली झलक आई सामने

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं. थलाइवा के इस एक्शन थ्रिलर को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन जैसे बड़े कलाकार शामिल हैं. आज, मेकर्स ने एक नए कलाकार की पहली झलक दिखाई है. जी हां, कुली मेकर्स ने फिल्म से साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है. पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. पूजा हेगड़े, लोकेश कनगराज निर्देशित कलाकारों में शामिल हो गई हैं. गुरुवार को सन पिक्चर्स ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर कुली से पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें वे लोकेश कनगराज निर्देशित फिल्म में अपनी भूमिका का खुलासा करती नजर आ रही हैं. फर्स्ट लुक जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, हां, आपने सही अनुमान लगाया. कुली के सेट पूजा हेगड़े. पोस्टर में पूजा हेगड़े को हॉट रेड कलर के कटआउट गाउन में देखा जा सकता है. खुले बाल और बड़े से इयररिंग्स में पूजा काफी खूबसूरत लग रही हैं. उनके इस लुक की हर कोई तारीफ कर रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में पूजा हेगड़े किसी स्पेशल सॉन्ग पर परफॉर्म कर सकती हैं. इससे पहले मेकर्स ने रजनीकांत के बर्थडे पर फिल्म से नए गाने चिकिटू का प्रोमो जारी किया था, जिसने फैंस को खुश कर दिया था. प्रोमो शेयर करते हुए मेकर ने कैप्शन में लिखा है, साउंड अह येथू, देवा वरार, सेलिब्रेट सुपरस्टार, कुली की चिकिटू वाइब के साथ सुपरस्टार रजनीकांत का बर्थडे सेलिब्रेशन. कुली की शूटिंग भारत के कई खूबसूरत शहरों में सूट किया गया है. कुली की शूटिंग हैदराबाद से शुरू हुई. इसके बाद विशाखापट्टनम, जयपुर जैसे शहरों में इसे सूट किया गया है. इस बीच मेकर्स ने फिल्म से कास्ट का ऑफिशियल पोस्टर भी जारी किया है. कुली एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है जो सोने की तस्करी करने वाले माफिया पर केंद्रित है. रजनीकांत के एक्शन थ्रिलर फिल्म में साउथ सुपरस्टार नागार्जुन, श्रुति हासन, उपेंद्र, सत्यराज, सौबिन शाहिर, संदीप किशन और रेबा मोनिका जॉन जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार आमिर खान कैमियो रोल में नजर आएंगे.

# बॉक्स ऑफिस पर विक्की कौशल की फिल्म छावा की बादशाहत कायम, दुनियाभर में 500 करोड़ का आंकड़ा किया पार

वैलेंटाइन डे मौके पर रिलीज हुई विक्की कौशल की छावा बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमा कर रही है. फिल्म ने 31 करोड़ के साथ ओपनिंग की और तीन दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. छावा ने एक हफ्ते में 200 करोड़ और 10 वें दिन 300 करोड़ का आंकड़ा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पार कर लिया. महाशिवरात्रि पर फिल्म ने वर्ल्डवाइड 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं घरेलू कलेक्शन में फिल्म 400 करोड़ के कलेक्शन की तरफ बढ़ रही है तो आइए जानते हैं छावा की 13वें दिन की कमाई.

छावा ने रिलीज के 13वें दिन लगभग 23 करोड़ की कमाई की इसके साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 386.25 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म जल्द ही 400 करोड़ का आकंड़ा पार करेगी. 13वें दिन छावा की हिंदी ऑक्यूपेंसी ओवरऑल 34.43त रही. छावा के साथ थिएटर में अभी अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर की मेरे हसबैंड की बीवी चल रही है. हालांकि फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर रही और ज्यादातर दर्शक छावा को देखने आ रहे हैं. इसके अलावा वैलेंटाइन वीक में रिलीज हुई सनम तेरी कसम की री रिलीज भी थिएटर में टिकी हुई. फिल्म ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सबसे बड़ी री रिलीज का खिताब अपने नाम कर लिया है. हालांकि इससे छावा की कमाई पर कुछ खास असर नहीं पड़ा. सैकनिल्क के मुताबिक, विक्की कौशल की फिल्म ने वर्ल्डवाइड बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुनियाभर में 509.75 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. ये आंकड़ा 12 दिनों का है, 13वें दिन की वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े आना अभी बाकी है. इसके साथ ही छावा ने बाहुबली 2 जैसी ब्लॉकबस्टर के हिंदी कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है. विक्की कौशल की फिल्म हिंदी बेल्ट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई है. इससे आगे सिर्फ अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 है.छावा में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है वहीं रश्मिका मंदाना ने उनकी पत्नी महारानी येसूबाई भोंसले का और अक्षय खन्ना ने क्रूर औरंगजेब का रोल प्ले किया है. इनके अलावा छावा में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता जैसे कलाकार शामिल हैं. फिल्म को लक्ष्मण उटेकर निर्देशित किया है वहीं मैडोक फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है.

**बॉक्स ऑफिस पर मेरे हस्बैंड की बीवी ने तोड़ा दम, छठे दिन का कारोबार जान लगेगा झटका**

अर्जुन कपूर ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा हैं। उम्मीद थी कि उनकी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।

पहले दिन से ही यह फिल्म दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

### धनुष ने फैंस को दिया तोहफा, धांसू पोस्टर संग कुबेर की रिलीज डेट अनाउंस

साउथ सुपरस्टार धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर कुबेर का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. खासकर कुछ दिन पहले कुबेर की पहली झलक सामने आने के बाद दर्शक इसकी रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे. अब मेकर्स ने ये इंतजार खत्म करते हुए कुबेर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. साथ ही एक शानदार पोस्टर भी रिलीज किया है.

रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपने ट्वीटर अकाउंट पर कुबेर का धांसू पोस्टर रिलीज किया जिसमें धनुष और नागार्जुन को एक दूसरे के सामने इंटेंस लुक में देखा जा सकता है. उनके बीच में जिम सर्भ खड़े हैं जिनके आसपास बिल्डिंग का गोल स्ट्रक्चर है. पोस्टर पर लिखा है, 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में, हैप्पी महाशिवरात्रि. रश्मिका ने कैप्शन लिखा, कुबेर 20 जून को रिलीज हो रही है.

कुबेर का फर्स्ट लुक गणेश चतुर्थी पर रिलीज किया गया था जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया.

# कौन सी टी-शर्ट पहनें? कंफ्यूज हैं? ये ऑप्शन आपको देंगे स्टाइलिश लुक

हर लड़की चाहती है कि वह अपने लुक को सबसे अलग और खूबसूरत बनाए. लेकिन जब बात आती है जीन्स के साथ सही टॉप या टी-शर्ट पहनने की, तो अक्सर हम कंफ्यूज हो जाते हैं. अगर आप भी क्रॉप टॉप, ऑफ-शोल्डर या नॉर्मल स्टाइल की टी-शर्ट पहनकर बोर हो गई हैं, तो अब कुछ नया ट्राई करने का समय आ गया है. यहां हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडी और कंफर्टेबल टी-शर्ट डिजाइन्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें पहनकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं.



प्रिंटेड प्योर कॉटन टी-शर्ट

आप अपने लुक में थोड़ा फन और कूलनेस एड करना चाहती हैं, तो प्रिंटेड प्योर कॉटन टी-शर्ट बेस्ट ऑप्शन है. खासतौर पर आपको कार्टून प्रिंट्स या ग्राफिक डिजाइन्स पसंद हैं, तो इस तरह की टी-शर्ट आपके कैजुअल लुक को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं. इसे पहनकर आप दोस्तों के साथ आउटिंग या कॉलेज में कंफर्टेबल फील करेंगी. ये ऑनलाइन आपको आसानी से मिल जाएगी.

वी-नेक कॉटन टी-शर्ट

आप कुछ सिंपल, लेकिन स्टाइलिश ट्राई करना चाहती हैं, तो ग्रीन कलर की वी-नेक कॉटन टी-शर्ट बेस्ट चॉइस हो सकती है. इसे आप ब्लैक जीन्स के साथ पेयर कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी क्लासी लगेगा. ये ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल जाती हैं और कीमत भी ज्यादा नहीं होती, लगभग 300 रुपये तक में इसे खरीदा जा सकता है.

कैजुअल वी-नेक टी-शर्ट

जो लड़कियां ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना चाहतीं, लेकिन फिर भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, उनके लिए वी-नेक कैजुअल टी-शर्ट परफेक्ट ऑप्शन हो सकती है. इसे पहनकर आप कॉलेज जा सकती हैं या दोस्तों के साथ घूमने जा सकती हैं. यह लाइटवेट और कंफर्टेबल होती है, जिसे आप किसी भी सीजन में पहन सकती हैं.

ओवरसाइज्ड प्योर कॉटन टी-शर्ट

अगर आपको कंफर्ट और स्टाइल दोनों चाहिए, तो ओवरसाइज्ड प्योर कॉटन टी-शर्ट एकदम बेस्ट रहेगी. ड्रॉप-शोल्डर स्लीव्स वाली ये टी-शर्ट आपको मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देगी. इसे आप जीन्स के साथ पहन सकती हैं और ऑफिस या कॉलेज के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं. यह आपको ऑनलाइन 300 रुपये तक की रेंज में मिल सकती है.

अगर आप अपने जीन्स लुक को बोरिंग बनाने के बजाय कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो ये स्टाइलिश और ट्रेंडी टी-शर्ट ऑप्शन आपके लिए परफेक्ट हैं. आप अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से इनमें

# होली खेलते समय महिलाओं को पहनने चाहिए ऐसे कपड़े, त्योहार का मजा हो जाएगा दोगुना

होली का त्योहार रंगों और खुशियों से भरा होता है, जो 14 मार्च को पड़ रहा है। इस दिन हर कोई अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ मिलकर रंग खेलता है।



रंग खेलते समय महिलाओं को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आरामदायक भी हों और उन्हें खूबसूरत भी दिखाएं।

इस खास दिन पर आप इन फैशन टिप्स का पालन कर सकती हैं और सही कपड़ों का चयन करके त्योहार के मजे को दोगुना कर सकती हैं।

सफेद कुर्ती चुनें

होली खेलते समय सफेद रंग की कुर्ती पहनना सबसे बढ़िया रहता है। सफेद रंग पर सभी अन्य रंग उभरकर दिखते हैं और यह पारंपरिक लुक भी प्रदान करता है।

आप सूती या खादी कपड़े वाली सफेद कुर्ती चुन सकती हैं। इसे पहनकर आपकी त्वचा को हवा लग सकेगी और आप पूरे दिन आराम भी महसूस करेंगी।

इसके साथ आप चूड़ीदार पजामा या प्लाजो पहन सकती हैं, जिन्हें पहनकर चलना-फिरना आसान होता है।

पुरानी जींस पहनें

रंग खेलते समय पुराने कपड़े पहनना समझदारी होती है, क्योंकि गुलाल आदि से कपड़े खराब हो सकते हैं। पुरानी जींस एक अच्छा विकल्प होती है, क्योंकि यह मजबूत होती है और आसानी से धुल जाती है।

इसके साथ, आप पुरानी टी-शर्ट या टॉप पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक आकर्षक और स्टाइलिश भी लगेगा।

पुराने कपड़े पहनने से आपको रंगों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और आप बिना किसी झिझक के होली का पूरा मजा ले सकेंगी।

हल्के दुपट्टे का इस्तेमाल करें

होली के दौरान अपने बालों को सुरक्षित रखने के लिए हल्के दुपट्टे का उपयोग किया जा सकता है। इसे सिर पर बांधकर रखने से आपके बाल रंगों और धूप से बचे रहेंगे।

इसके अलावा, यह आपके लुक में एक खास आकर्षण भी जोड़ देगा। दुपट्टा न केवल बालों को सुरक्षित रखता है, बल्कि आपको धूप से भी बचाता है। आप इसे गले में भी ओढ़ सकती हैं, जिससे एक शानदार लुक मिल जाएगा।

सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचें

नायलॉन या पॉलिएस्टर जैसे सिंथेटिक कपड़े होली खेलने के लिए सही नहीं होते हैं। ये त्वचा को हवा नहीं लगने देते और जल्दी सूखते भी नहीं हैं। इन कपड़ों में पसीना अधिक आता है, जिससे असुविधा होती है। इसलिए, होली खेलते समय सूती या खादी जैसे प्राकृतिक कपड़ों का चयन करना चाहिए, जो आपकी त्वचा को आराम दे सकें।

ये कपड़े हल्के होते हैं और हवादार भी होते हैं, जिससे आपका लुक आकर्षक बन सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -341


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला में दुर्गाप्रसाद पटैल उम्र 46 वर्ष निवासी करमेता पानी की टंकी के पास माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ठेकेदारी का काम करता है आज उसी साईड में काम करने वाले मजदूर गगन पटैल, लटोरी सिंह, रामनरेश पटैल, ललित कुमार काछी और आर्यन मिश्रा को उदयपुर मंडला से मारूती बेन से लेकर जबलपुर बिलहरी वाली साईड में काम करवाने के लिये लेकर आ रहा था सुबह लगभग 11-40 बजे नागाघाटी पहुँचे तभी पीछे से आ रहा ट्रक क्रमांक एम एच 40 सीडी 7689 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मारूती बेन में



**सिटीज 2.0 परियोजना के लिए केन्द्र, राज्य, नगर निगम, और स्मार्ट सिटी जबलपुर के बीच किया गया एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर**

# भविष्य में सी.एन.जी. वाहनों को ग्रीन ईंधन होगा प्राप्त -शहर का प्रदूषण कम करने में मिलेगी मदद - निगमायुक्त प्रीति यादव

**देश के पिंक सिटी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के समारोह में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, नगरीय एवं विकास मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, आयुक्त नगरीय प्रशासन सिवी चक्रवर्ती, अपर आयुक्त के.एल. मीणा की विशेष उपस्थिति में निगमायुक्त प्रीति यादव एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. अनुराग सिंह ने एम.ओ.यू. पर किये हस्ताक्षर**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत वेस्ट टू वेल्थ थीम पर आधारित सिटीज 2.0 परियोजना में जबलपुर के प्रस्ताव के चयन होने के उपरांत भारत सरकार द्वारा फ्रंच डेवल्पमेंट एजेंसी, यूरोपियन एवं भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयस्, मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल, नगर निगम जबलपुर एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी के मध्य एम.ओ.यू. देश के पिंक सिटी के नाम से प्रसिद्ध राजस्थान के जयपुर सिटी में अंतराष्ट्रीय स्तर के आयोजित समारोह के दौरान केन्द्रीय मंत्री आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार मनोहर लाल खट्टर, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. सिवी चक्रवर्ती एम, अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, के.एल. मीणा, की विशेष उपस्थिति में केन्द्र एवं राज्य शासन के पदाधिकारियों और निगमायुक्त श्रीमति प्रीति यादव एवं सी.ई.ओ. स्मार्ट सिटी जबलपुर अनुराग सिंह के बीच एम.ओ.यू. आज 3 मार्च 2025 को हस्ताक्षर हुआ है।

महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि सिटीज 2.0 के क्रियान्वयन से शहर का कचरा प्रबंधन एक ओर बेहतर होगा वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक, ई-कचरा, और ऑर्गेनिक वेस्ट के लिए अलग-अलग पुर्नचक्रण सुविधाएँ विकसित होंगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के बाद जैविक कचरे से वायो सी.एन.जी. गैस एवं खाद भी तैयार होगी जिससे भविष्य में सी.एन.जी. वाहनों को ग्रीन ईंधन प्राप्त होगा। इससे शहर का प्रदूषण को भी कम करने में काफी मदद् मिलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत शहर के एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन (इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) कार्य को सुदृढ करने कार्य किया जाएगा। जिसमें कचरा कलेक्शन से उसके डिस्पोजल सायकल में आने वाली कमियों को चिन्हित कर उन्हे दूर करने की कार्ययोजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। परियोजना से शहर के नागरिकों को स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था की सेवाओं को लाभ मिलेगा, कचरा संग्रहण के वाहनों की संख्या के बढने से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण बेहतर होगा। इसके साथ नगर निगम को कचरा कलेक्शन के उपरांत उसके निपटान के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगें जिससे कचरा प्रबंधन में समय की बचत के साथ खर्चे में कमी आएगी। नगर निगम के लिए शहर की सफाई व्यवस्था की निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा। एम.ओ.यू. हस्ताक्षर के समय इंदौर, उज्जैन के आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. एवं नगर निगम के उपायुक्त संभव अयाची, जबलपुर सिटी से ई गवर्नेंस मैनेजर गजेन्द्र सिंह एवं वतसल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

# दसवीं के अंग्रेजी विषय के पेपर मे 600 बच्चें रहे अनुपस्थित, कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

**आज 4 अप्रैल को रहेगा बारहवी का 100 परीक्षा केंद्रों पर पेपर**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा का अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। अंग्रेजी प्रश्नपत्र मे शहर के 388 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 212 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 600 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन ड्डश्चश्च के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा पारीकहा केंद्र भारत सेवक समाज स्कूल एवं शासकीय हाई स्कूल बेलबाग् स्कूल का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया।

कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल के दल के द्वारा हुसैनिया स्कूल, शा उमावि तमर हाई विद्यालय एवं समदड़िया पब्लिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी के दल के द्वारा शास उमावि पिपरिया उमरिया का निरीक्षण किया गया.। एसडीएम जबलपुर के दल द्वारा शा स्कूल सुकरी मंगेला, बालक बरगी एवं शा उमावि बरगी नगर का निरीक्षण किया गया। एसडीएम गोरखपुर के दल के द्वारा जोन्सन स्कूल एवं हितकारिणी विद्यालय गोरखपुर का निरीक्षण किया गया।एसडीएम कुण्डम के द्वारा शा विद्यालय मोहनी एवं शा विद्यालय हरदुली कला का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन श्री मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन का निरीक्षण किया गया। एसडीएम शहपुरा श्री कुलदीप पाराशर के द्वारा बालक बेलखेड़ा एवं कन्या शाला बेलखेड़ा का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित द्वितीय दल द्वारा शा उमावि कालाडूमर,शा उमावि इंद्राना, शा हाई स्कूल बनखेड़ी, शा बालक स्कूल मझौली एवं शा कन्या उमावि मझौली का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के निर्देश पर विकासखंड स्तर पर सभी सहायक संचालक शिक्षा ब्च्क्षह्व के द्वारा भी सभी ब्लॉक मे सघनता से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र मे कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी एवं कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना।

4 मार्च को बारहवी का विषय अनुसार पेपर

4 मार्च को कक्षा बारहवी का 100 परीक्षा केंद्रों पर विषय अनुसार पेपर रहेगा, जिसमे भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेंडरी, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास शामिल हैं।

# प्रतिष्ठित इंटरनेशनल मैगज़ीन में एमपी ट्रांसकों के सीई प्रवीण गार्गव के आर्टिकल को मिला स्थान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव का एमपी ट्रांसकों द्वारा अपनाई गई विभिन्न एडवांस टेक्नोलॉजी और नवाचार के बारे में विस्तृत जानकारी से भरा एक उपयोगी आर्टीकल अंतरराष्ट्रीय मैगज़ीन टी एंड डी में प्रकाशित हुआ है। इस आर्टिकल की सह लेखिका कार्यपालन अभियंता अदिति धुर्वे हैं।

* पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र की विश्व प्रतिष्ठित मासिक टी एंड डी मैगज़ीन के फरवरी अंक में चुनौतियों को अवसरों में बदलना शीर्षक से प्रकाशित इस आर्टिकल में ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं और सिंचाई के लिए सतत और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के समय विभिन्न चुनौतियों से निपटने, ट्रांसमिशन नेटवर्क में अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश, बढ़ती विद्युत की मांग को हैंडल करने के तरीकों के साथ नव करणीय ऊर्जा के ग्रिड इंटीग्रेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तार से लेख किया गया है।

* इसके अलावा कंपनी में ड्रोन से ट्रांसमिशन लाइनों की पेट्रोलिंग, प्रदेश में केंद्रीयकृत प्रोटक्शन सिस्टम ,ऑप्टिकल फाइबर वायर को लीज पर देने, स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर जबलपुर की विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हासिल की ग ई उपलब्धियों के बारे में भी लेख किया गया है।

* इस आर्टिकल को बेहद पसंद किया गया है और अनेक विशेषज्ञों ने नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक की जानकारी वाले इस आर्टिकल की सराहना की है।

# जबलपुर मंडल में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन, आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का किया मूल्यांकन



जबलपुर। मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री एके साहनी के नेतृत्व में आज दिनांक 03 मार्च 2025 को जबलपुर मंडल के विक्रमपुर- भिटौनी स्टेशन के बीच स्थित समपार फाटक क्रमांक 300 (ष्ट)पर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे की तत्परता, समन्वय और बचाव कार्यों की प्रभावशीलता को परखना था। मॉक ड्रिल की परिकल्पना के अनुसार, सुबह 12ञ्42 बजे भिटौनी स्टेशन मास्टर द्वारा जबलपुर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि विक्रमपुर- भिटोनी स्टेशन के बीच समपार फाटक 300 (ष्ट) पर एक रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई है जिससे 8-10 मजदूर ट्रॉली में दब गए हैं । इस सूचना के आधार पर तत्काल प्रतिक्रिया शुरू की गई। जबलपुर स्टेशन में हूटर बजाकर आपातकालीन स्थिति की तैयारी की गई। जबलपुर से दुर्घटना राहत चिकित्सा वैन (ऋक्रूञ्ज) को समय पर तैयार कर रवाना किया गया। जबलपुर से दुर्घटना राहत ट्रेन (ऋक्रञ्ज) को भी त्वरित रूप से तैयार किया गया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी (स्ह्र.छ्रस्ह्र) श्री एके साहनी, सीनियर डीएमई (फ्रेट) श्री एसपी मीणा, एडीएमई श्री सौरव अवस्थी, एडीएसटीई श्री भूपेंद्र पांडे, इंजीनियरिंग, सिग्नल और ट्रैफिक विभाग के सेफ्टी काउंसलर, सहायक मंडल अभियंता (ष्ठश्वह्र) जबलपुर, सभी विभागों के पर्यवेक्षक, जीआरपी, आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर समय पर पहुंच गए। इसी के साथ डीआरएम कार्यालय जबलपुर में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, श्री सुनील टेलर और अन्य शाखा अधिकारी स्थिति पर नजर रखने के लिए तुरंत कंट्रोल रूम में पहुंचे। इस मॉक ड्रिल को दोपहर 13ञ्22 बजे सफलतापूर्वक पूरा घोषित किया गया। यह मॉक ड्रिल आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे कर्मचारियों की तत्परता, समयबद्धता और सतर्कता का परीक्षण करने के लिए आयोजित की गई थी। इस दौरान जबलपुर मंडल की टीम ने त्वरित और संगठित कार्रवाई की, जिससे रेलवे की आपातकालीन सेवाओं की दक्षता और प्रभावशीलता का प्रदर्शन हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में रेलवे कर्मचारियों को संगठित और समन्वित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित करना है। इस प्रकार के अभ्यास वास्तविक परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां यह सुनिश्चित करती हैं कि रेलवे किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सतर्क और पूरी तरह तैयार है।

# मंथन श्री का आयोजन डॉ. बीना शर्मा की कृति'प्रभु नमन' का विमोचन



**ईश्वरीय सत्ता के ज्ञान की कृति**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर। मंथनश्री के तत्वावधान में शहीद स?मारक परिसर में डॉ. बीना शर्मा की प्रथम विचारपरक कृति %प्रभु नमन% का विमोचन एवं आध?यात्मिक कवि सम?मेलन संपन?न हुआ।पाथेय द्वारा प्रकाशित प्रभु नमन कृति का विमोचन करते हुए अतिथियों ने कहा कि डॉ. शर्मा ने विविध ग्रंथो के सार भाव को कृति में प्रस?तुत करते हुए मानवीय कल?याण का मार्ग प्रशस?त किया है। कृति में द्वेत-अद्वेत, आत?मा-परमात?मा और ईश?वरीय सत?ता के मंगल विधान का ज्ञान समाहित है।

समारोह के मुख?य अतिथि हास?यकला साधक श्री के.के. नायकर थे। अध?यक्षता कविवर अभय तिवारी ने की। सारस?वत अतिथि डॉ. जितेन?द्र जामदार, डॉ. पूनम शर्मा, बृज विहारी शर्मा एवं डॉ. सलमा जमाल थीं। राजेश पाठक प्रवीण,संतोष नेमा एवं डॉ.अरविंद शर्मा ने कृति एवं कृतिकार के व?यक्तित?व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए एवं अतिथियों को सम?मानित किया ।

द्वितीय सोपान में आयोजित कवि सम?मेलन में राजेन?द्र मिश्रा, सुभाष शलभ, आचार्य विजय तिवारी किसलय, आशुतोष तिवारी, कृष?ण राजपूत, आलोक पाठक, विनाता पैगवार, डॉ.अनिल कोरी, रचना श्रीवास?तव, प्रीति नामदेव, रजनी कोठारी, कविता राय, वंदना सोनी, अर्चना द्विवेदी, रूपम वाजपेयी, कुंजीलाल चक्रवती, ज?योति प?यासी, रश्मि पाण?डेय ने अध्यात्म विषय पर काव?य रस वर्षा की। आभार यशोवर्धन पाठक ने व?यक?त किया। समारोह में डॉ. अरुण मिश्रा दीपांशु शुक्ला, जगदीश दीक्षित,ब्रजेश शर्मा दीपचंद विनोदिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# 30 बिस्तर के अस्पताल निर्माण में हो रही गुणवत्ता की अन्देखी

**जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस ने जांच के लिए तहसीलदार को सोपा ज्ञापन**

बरगी नगर । युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण चरगवा के कार्यकर्ताओं ने चरग्वां में बन रहे 30 बिस्तर के आरोग्यम अस्पताल में हो रही अनियमितताओ और गुणवत्ता की जाँच को लेकर माननीय तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंप कर आरोग्यं अस्पताल निर्माण में की जा रही व्यापक पैमाने पर अनियमिताओं की सूक्ष्म जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने हेतु निवेदन किया है इस संबंध में युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष इंजीनियर चमन कौड़ी लाल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता को देखने वाला कोई धनी धोरी नहीं है अस्पताल निर्माण की सामग्री घटिया स्तर की लगाई जा रही है निर्माण के समय साइट पर इंजीनियर भी मौजूद नहीं रहते हैं जिसका फायदा उठाकर ठेकेदारी मनमानी तरीके से कार्य को अंजाम दे रहा है अगर वक्त घटिया कार्य को जल्द ही नहीं रोका गया तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उक्त कार्य को रोकेंगे तथा उग्र आंदोलन करेंगे ज्ञापन प्राप्त होने के उपरांत तहसीलदार ने युवा कांग्रेसियों को आश्वासन दिया कि इसकी जाँच करवायी जाएगी और उचित कार्यवाही की जाएगी इस अवसर पर चमन राय युवा कांग्रेस अध्यक्ष जबलपुर ग्रामीण मनीष राय प्रवक्ता बरगी रामकुमार सैयाम ज़िला सदस्य रूप सिंह पटेल दुर्गेश चडार हरिप्रसाद देवेंद्र प्रजापति गिरधारी ठाकुर नजीर खान दीपक पटेल हरि प्रजापति गोलू पटेल गिरधारी ठाकुर, अजीत पटेल चतुर जाटव रामेश्वर ठाकुर रोहित पटेल सोनू प्रजापति

# भव्य गायत्री दीपयज्ञ के साथ पुस्तक मेला संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। युग ऋषि तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साहित्य को प्रत्येक स्कूलों में, प्रत्येक ग्राम में विद्यार्थियों, गृहणियों, प्रबुद्ध वर्ग तक पहुंचाने के संकल्प के साथ विराट गायत्री दीपयज्ञ से पुस्तक मेला संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों ने आचार्य जी के साहित्य को अपने मित्रों , रिश्तेदारों, पड़ोसियों में भेंट करने के भाव से क्रय किया। सभी का एक ही विचार था कि वर्तमान में जो परेशानियां परिवार में,समाज में, राष्ट्र में फैल रही है, उसे साहित्य के माध्यम से दूर कर मनुष्य के जीवन को उज्जवल भविष्य की और लेकर जाएंगे ।

गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी श्री बी बी शर्मा एवं मेला संयोजक श्री जगदीश दीक्षित द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं मंथनश्री से श्री संतोष नेमा, पाथेय संस्था से श्री राजेश पाठक, गायत्री परिवार से श्री भैयालाल पटेल, शिवचरण विश्वकर्मा जी, नारायण दुबे ,उपजोन प्रभारी श्री नरेश तिवारी, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री अरविंद श्रीवास्तव, श्री प्रकाश मूरजानी, प्रकाश सेन, वॉइस आफ प्रज्ञा से गोविंद श्रीवास्तव, श्रीमती दीप्ति मिश्रा, इंदू राय श्रीमती वंदना राजपूत, श्रीमती कविता तिवारी, मृदुला शर्मा, श्रीमती गीता डोंगरे, बृजेश शर्मा आदि का विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।



**उत्तर मध्य विधानसभा में घर घर गंगाजल अभियान जारी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल में हुआ भव्य स्वागत**

# विभिन्न जल स्त्रोतों में मिलाया जा रहा है त्रिवेणी से लाया पवित्र गंगाजल- डॉ अभिलाष पांडे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पांडे के द्वारा चलाया जा रहा घर घर गंगाजल अभियान जारी है इसी क्रम में सोमवार को इस अभियान के तारतम्य में भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के अंतर्गत गोविंद वल्लभ पंत वार्ड ,हनुमानताल वार्ड में घर घर गंगाजल अभियान से लोगों तक पवित्र गंगाजल को पहुंचाया गया ,जिसे लेने में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और गंगाजल लेकर चल रहे टैंकर का पूजन करके फूल मालाओं से स्वागत भी कर रहे हैं।

डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि मां गंगा हमारी धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है,प्रयागराज में लगे ऐतिहासिक महाकुंभ में पूरे देश से लगभग 67 करोड़ लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाकर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करके अपने जीवन को धन्य करने का कार्य किया है हमारी उत्तर मध्य विधानसभा से भी बड़ी संख्या में लोगों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है लेकिन किन्ही कारण वश कुछ लोग नहीं जा सके,उन्हें भी संगम का पवित्र गंगाजल मिले वो भी इस पुण्य प्रदाय यज्ञ के सहभागी बनें इस सोच के साथ हमने उत्तर मध्य विधानसभा के सभी 20 वार्डों में घर घर गंगाजल अभियान चलाया है और लोगों के द्वारा तक पवित्र गंगाजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

विभिन्न जल स्त्रोतों में मिलाया जा रहा है
पवित्र गंगाजल ञ्ज डॉ अभिलाष पांडे

विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि विधानसभा के विभिन्न जल स्त्रोतों में प्रयागराज त्रिवेणी संगम से लाया हुआ पवित्र गंगाजल मिलाकर उसमें भी मां गंगा के अंश को मिलाकर पवित्र किया जाएगा ।पवित्र गंगाजल के प्रसादरूपी वितरण में श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दौड़ गई है विधानसभा के प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों पर गंगाजल टैंकर से लाकर हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं के सहयोग से वितरण किया जा रहा है ,श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोगों को कतारों में खड़ा करके गंगाजल वितरित किया गया. कोई बोतल में गंगाजल भरकर घर ले जाता दिखा, तो कोई अपने पूजा के पात्र में इसे सुरक्षित कर रहा था. कई श्रद्धालु अपने परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी गंगाजल ले जाते नजर आए. इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। इस दौरान पवित्र गंगाजल लेने आए कुछ श्रद्धालुओं ने बताया कि स्वास्थ्य के कारणों की वजह से हम महाकुंभ में मां गंगा के पवित्र संगम नहीं पहुंच पाए थे लेकिन हमारे लाड़ले विधायक डॉ अभिलाष पांडे जी ने अनूठी पहल की और भागीरथी प्रयास करते हुए प्रयागराज संगम का जल हमारे घर तक लेकर आए हैं इस पुण्य कार्य को करने के लिए मां गंगा उन्हें आशीर्वाद प्रदान करें।

वहीं अनेक बुजुर्गों ने विधायक डॉ अभिलाष पांडे को गंगाजल घर घर तक पहुंचाने के लिए आशीर्वाद दिया क्योंकि शारीरिक स्वास्थ्य कारणों एवं घुटनों में समस्या के कारण वो महाकुंभ नहीं जा पाए थे लेकिन उनको पवित्र गंगाजल विधायक जी के प्रयासों से घर में ही प्राप्त हुआ। आज कुशाभाऊ ठाकरे मंडल से यात्रा के द्वितीय चरण का प्रारंभ गोविंद बल्लभ पंत वार्ड स्थित माता मंगल चंडी मंदिर से पूजा अर्चना के साथ हुआ जिसमें उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक श्री अभिलाष पांडये जी ने भागीरथी प्रयास करते हुये प्रयागराज के संगम से माँ गंगा का पवित्र जल लाकर घर घर मे वितरित किया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं पुरषों ने माँ गंगा का जल प्राप्त किया.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि 2 लोग सफेद रंग की प्रिंट वाली शर्ट पहने हुये नीला पिट्ठू बैग में मादक पदार्थ गांजा रखे हुये शिव शक्तिधाम मंदिर के पास अपर लाईन सिविल लाईन में खड़े हुये हैं यदि तुरंत दबिश दी गयी तो रंगे हाथों पकड़े जायेगें। सूचना पर एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्यवाही करते हुये तत्काल योजनाबद्ध तरीके से मुखबिर के बताये स्थान अपर लाईन में शिव शक्तिधाम मंदिर के पास क्राईम ब्रांच एवं थाना सिविल लाईन की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी

# चाकू अड़ाकर मोबाईल छीनने वाले 5 बालकों सहित 6 गिरफ्तार

## छीना हुआ मोबाईल तथा घटना मे प्रयुक्त चाकू एवं 2 मोटर सायकिल जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** घटना क्रमांक-1 थाना माढोताल में दिनांक 28-2-25 को दीपक कुमार रैकवार उम्र 33 वर्ष निवासी बृंदावन नगर कटंगी रोड़ ने शिकायत की थी कि दिनांक 27-2-25 को रात्रि लगभग 11-30 बजे अपने कार्य स्थल एमपी आनलाईन मदरटेरेसा मेन रोड़ से लौट रहा था जैसे ही बृंदावन नगर मोड़ के पास पहुँचा तभी 2 मोटर सायकल में तीन तीन लड़के बैठकर उसके पास आये जिन्हौंने उसे रोका और उनमें से एक लड़के ने चाकू अड़ाया एवं बोला कि अपना मोबाइल मुझे दे, उसने मोबाइल देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी दिया और तीन लड़कों ने उसके हाथ पकड़ लिये तथा 2 लड़कों ने उसका मोबाइल उसकी जेब से निकाल लिया और वहां से मोटर सायकलों में बैठकर सभी भाग गये एक मोटर सायकल का नम्बर एमपी 20 एम वाई 5624 था। उसके मोबाइल में 2 सिम लगी थीं। शिकायत पर अज्ञात 6 लड़कों के विरूद्ध 144/25 धारा 126(2), 310(2), 311 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक-2 थाना माढ़ोताल मे दिनांक 17-2-25 की रात्रि आशीष कुमार गोंड़ उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम आमाखोह थाना बेलखेड़ा वर्तमान पता किराये का मकान प्रोफेसर कालोनी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमपीईबी में मीटर रीडिंग का प्राईवेट काम करता है दिनांक 16-2-25 को लगभग 9 बजे अपने जीजा प्रदीप के साथ एक मोटर सायकल से तथा दूसरी मोटर मे भांजे संदीप तथा शुभम उसके किराये वाले घर से जीजा प्रदीप के घर ग्राम लमती जा रहे थे उसकी मोटर सायकल आगे चल रही थी तथा हमारे पीछे भांजे संदीप की मोटर सायकल थी लगभग 9-30 बजे रात्रि वह एवं जीजा प्रदीप लमती रोड़ पर पहुँचे देखा कि पीछे संदीप और शुभम नहीं दिख रहे है तो हमने अपनी मोटर सायकल रोकी वहीं 4 लड़के खड़े थे जो हमारे रूकते ही चारों हमारे पास आये और उसे एवं जीजा को चाकू अड़ाकर उसके जेब से 4 हजार तथा जीजा की जेब से 1 हजार रूपये निकाल लिये और उसके मुंह मे चांटा मार दिये जिससे उसे आंख के पास चोट आयी।

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर** -थाना कोतवाली में रोहित मौर्य उम्र 34 वर्ष निवासी दीक्षितपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पीजा बर्गर का ठेला लगाता है मन्नूलाल की गली के पास रहने वाला शिवम दुबे आकर उसके साथ गाली गलौज करते हुये बोला कि अपने ठेला को थोड़ा आगे बढ़ा कर लगा नहीं तो मुझे प्रतिदिन शराब पीने के लिये पैसे देना पड़ेगा, अभी शराब पीने के लिये पैसे दो, उसने पैसे देने से मना किया

# निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर जवाहरगंज नरघैया व्यवसायिक दुकानों में बकाया राशि जमा न करने पर की गयी तालाबंदी



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी 79 वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। वसूली अभियान के दौरान जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि समय पर जमा नहीं की जाती है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है तथा उनके नाम भी सार्वजनिक किये जा रहे हैं। आज इसी तरतम्य में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी के द्वारा जवाहरगंज नरघैया में व्यवसायिक दुकानों को नोटिस जारी कर बकाया करों की राशि जमा करने कहा गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विजयरानी बेव साहिब लाल जैन पर 2 लाख 13 हजार 51 रूपये बकाया होने पर लगातार नोटिस जारी किये गए, परन्तु दुकान संचालक द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गयी, जिस कारण पुलिस बल के साथ दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के समय संभागीय अधिकारी चेतना चौधरी, राजस्व निरीक्षक कोणार्क रावत, अतिक्रमण दल, समस्त राजस्व स्टाफ एवं पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

# डीजल चोरी करते हुये आरोपी रंगे हाथ पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना बरेला चौकी गौर में आनंद अग्रवाल उम्र 42 वर्ष निवासी तिलहरी शुभम रेसीडेंसी गोराबजार को अपनी कम्पनी के सीनियर के साथ एक व्यक्ति को डीजल चोरी करते हुये रंगे हाथ पकडकर लाया एवं रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जांदू कंस्ट्रेक्शन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड में मैनेजर के पद पर कार्यरत है हमारी कम्पनी द्वारा रिंग रोड़ पर कार्य किया जा रहा है हमारे कम्पनी का डीजल सुपरवाईजर प्रदुम्न गुप्ता का कार्य मानेगांव से बरेला तक गाड़ियों में साईड पर डीजल पहुॅचाने का था। दिनांक 2-3-25 को सुबह लगभग 11-30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने हमें फोन से जानकारी दिया कम्पनी का डीजल सुपरवाईजर प्रदुम्न गुप्ता 40 लीटर डीजल की केन मे डीजल टेंकर से निकाल कर कम्पनी के डीजल की चोरी कर रहा है तो वह एवं कम्पनी के सीनियर अनिल जांगड़ा तुरंत पहुंचे तथा प्रदुम्न गुप्ता को रंगे हाथ डीजल चोरी करते हुये पकड़ा जो 40 लीटर के केन में चोरी का डीजल रखे था। रिपोर्ट पर धारा 306 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# होटल के बाथरूम में मिली परदेशी की लाश

## पुलिस के अनुसार युवक की मौत किन कारणों से हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट में हो सकेगा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । माढ़ोताल थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे 45 वर्षीय परदेशी युवक की लाश होटल के बाथरूम में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। वहीं उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में होने की आशंका जताते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार मुजफ्फर नगर निवासी अमर कुमार सिंह 1 मार्च को किसी काम से शहर आया था। वह माढ़ोताल क्षेत्र स्थित होटल गोपालम के कमरा नंबर-4 में रुका था। उसे रविवार की सुबह होटल से चैक-आउट करना था, लेकिन समय होने के बाद भी वह चैक-आउट नहीं करने पहुंचा तो होटल के कर्मचारी होटल के कमरे में पहुंचे और जांच की तो अमर बाथरूम में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। कर्मचारी द्वारा तत्काल इसकी सूचना होटल संचालक उखरी साकेत नगर निवासी मदन नारायण दीक्षित व पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए रवाना किया। पुलिस के अनुसार युवक की मौत किन कारणों से हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट में हो सकेगा।

### सड़क दुर्घटना

**जबलपुर-** थाना पाटन में देर रात साहिल मेहरा उम्र 21 वर्ष निवासी खैरी रोसरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फोटोग्राफी का काम करता है दिनांक 1-3-25 को अपनी मोटर सायकल से रोंसरा से अपने गांव खैरी आ रहा था उसके आगे आगे उसके दोस्त नितिन मेहरा के पिता पंचू प्रसाद मेहरा निवासी रिंख्रिया के अपनी मौटर सायकल से पाटन तरफ जा रहे थे रात लगभग 8 बजे खैरी और रोंसरा के बीच पटन जबलपुर मेन रोड़ पर हार्वेस्टर क्रमांक यूपी 73 एई 9227 का चालक हार्वेस्टर को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पंचू प्रसाद मेहरा की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे पंचू प्रसाद मोटर सायकल सहित गिर ये जिन्हें कमर, कंधा पैर में चोटें आयीं हार्वेस्टर पाटन तरफ चला

### मोबाईल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा खिलाते आरोपी रंगे हाथ पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि ज्योति इनर जोन के सामने भीष्म मनवानी द्वारा इंडिया एवं न्यूजीलेंड के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान अवैध सट्टा खिलाया जा रहा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान ज्योति इनर जोन गंजीपुरा में दबिश दी गई ज्योति इनर जोन गंजीपुरा के सामने एक व्यक्ति 2 मोबाइल में आईडी लागिन करके क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते मिला नाम पता पूछने पर अपना नाम भीषम मनवानी उम 52 वर्ष निवासी होमसाईंस कॉलेज के सामने नेपियर टाउन मदनमहल बताया,

# गोराबाजार.कजरवारा रोड पर वाइल्ड कैट का खौफ

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** सीएमएम आर्मी एरिया से लगे गोराबाजार.कजरवारा एरिया में वाइल्ड कैट प्रजाति की बिल्ली का खौफ छाया हुआ है। गोराबाजार आर्मी पब्लिक स्कूल के समीप लगे जंगली एरिया सेर्ि नकलकर आने वाले ये कैट्स कई घरों में घुसकर पैट्सए पालतू मवेशियों समेत कई राहगीरों पर भी हमला किया है। क्षेत्रीय लोगों



के अनुसार 6 से 7 की संख्या में घूमने वाले 2 से 3 फीट ऊंचाई और करीब चार फीट ये लंबे हैंए इनकी शक्लें भी काफी खतरनाक हैं। बिल्लियों का यह झुंड हर दोर्ि दन में शाम को अंधेरा होने के बाद ही आर्मी एरिया के प्रतिबंधित क्षेत्र की फेंसिंग पार करके रहवासी एरिया में पहुंचता है। बीते एक सप्ताह में इन बिल्लों ने कई स्ट्रीट डॉग्स कार्ि शकार कियाए जिसके कारण आसपास के एरिया से आवारा श्वान गायब हो चुके हैं। जिसके बाद ये कैट्स घरों में घुसने लगे और पालतू जानवरों पर हमले कर रहे हैं। जानकारों का अनुमान हैर्ि क वाइल्ड कैट प्रजाति और एक ही परिवार के ये सदस्य हैं। इसलिए झुंड में घूम रहे हैं। सीएमएम में वाइल्ड कैट की कई प्रजातियां वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों के अनुसार सीएमएम का जंगल काफी घना है। आर्मी एरिया होने की वजह से पूरा इलाका प्रतिबंधित है। सीएमएम का जंगल खमरिया और डुमना से जुड़ा हुआ है। इसलिए इस जंगल में तेंदुएए वाइल्ड कैटए वाइल्ड बोर समेत काफी संख्या में वन्य प्राणी मौजूद हैं। पूर्व में भी कई बार सीएमएम के जंगल से गोराबाजारए कजरवारा और टेमर भीटा के रहवासी एरिया में तेंदुए और वाइल्ड कैट देखे जा चुके हैं। प्रवासी पक्षियों पर अजगर का हमला व्हीकल टेस्टिंग रोड पर लगे एक पुराने पीपल के पेड़ पर बैठे प्रवासी पक्षियों के झुंड पर अजगर ने हमला कर्ि दया। तीन पक्षियों को जकड़कर बैठे अजगर पर एक राहगीर की नजर पड़ीए जिसकी सूचना पर सर्प विशेषज्ञ हरेन्द्र शर्मा ने वहां पहुंचकर अजगर के चंगुल से पक्षियों को मुक्त कराया। इसी तरह कंचनपुर स्थित वर्मा किराना में एक 8 फीट लंबा सांप घुस गया था जिसे हरेन्द्र ने पकड़कर जंगल में छोड़ा।

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 03.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **शाजिया तबस्सुम, पिता- डॉ. शेख मुनीर खान** ने पिन नं. 1000446108 भवन क्रमांक 4100ध अ , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 2205 व.फु., भूतल 100 व.फु., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 4100ध अ , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/49 दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजीव गुप्ता, श्री विकास गुप्ता, श्री मनीष गुप्ता, तीनों के पिता-स्व. श्री तिलकराज गुप्ता** ने मकान नं. 605 का हिस्सा **वार्ड- लोक मान्य तिलक** ,कुल क्षेत्रफल 1019 व.फु., भूतल 1019 व.फु.खाली भूखण्ड, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. आदेश दिनांक 28/02/2025 अनुसार

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/48 दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मनोहर पारवानी, पिता- श्री मेठाराम पारवानी, श्रीमती भावना पारवानी, पति श्री मनोहर पारवानी** ने मकान नं. 104/3 **वार्ड- पं. मदन मोहन मालवीय** ,कुल क्षेत्रफल 2110 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 2110 व.फु. तलघर- 2110 व.फु.आर.सी.सी. स्वयं व्यवसायिक, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. आदेश दिनांक 28/02/2025 अनुसार

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2024-25/ एम/47 दिनांक 28.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती काजल टेकचंदानी, पति- श्री संजय टेकचंदानी** ने मकान नं. 104/1, **वार्ड- पं. मदन मोहन मालवीय** ,कुल क्षेत्रफल 176 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 176 व.फु, भूतल 176 व.फु.आर.सी.सी. स्वयं व्यवसायिक, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

सं.अधि. आदेश दिनांक 28/02/2025 अनुसार

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 541/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती रत्न प्रिया सिंह, पति- श्री जयन्त मुकर्जी** ने फ्लैट क्रं. सी- 313 पिन क्र. 1002944912 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री राजीव कुमार चौकसे, पिता- स्व. श्री सीताराम चौकसे, तृतीय तल 1746 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 540/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री रबनूर सिंह तलवार, पिता श्री चरनजीत सिंह** ने भूखंड क्रं. 144/बी पिन क्र. 1002128125 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अजय शुक्ला, पिता-श्री राम सुदिष्ठ शुक्ला, क्षेत्रफल 900 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 539/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती स्नेहलता बाजपेयी, पति- स्व. श्री अनिल बाजपेयी** ने भवन क्रं. 1900/ एम.आई.जी.- 246 पिन क्र. 1000490365 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अनिल कुमार बाजपेयी, पिता- स्व.श्री एम.आर.बाजपेयी, क्षेत्रफल 1614 व.फु., भूतल 1135 व.फु. आर.सी.सी. **विक्रयपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025 एम. 538/ 2024/2025 दिनांक 02.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री महेन्द्र केशरवानी, पिता-श्री छग्गु लाल केशरवानी, 2. श्रीमति तुलसी बाई, पति श्री महेन्द्र केशरवानी** ने खसरा क्रं. 752/2/2 पिन क्र. 1000502413 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती शारदा नामदेव, पति श्री लक्ष्मी नारायण, क्षेत्रफल 1200 व.फु. **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 03.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती जहांआरा, पति- डॉ. शेख मुनीर खान** ने पिन नं. 1000397136 भवन क्रमांक 4100ध अ , **वार्ड क्र. 41 वार्ड संजय गांधी वार्ड,** क्षेत्रफल 1800 व.फु. भूमि, **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 4100ध अ , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-16 नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./51 दिनांक 03.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुधा आहिरवार, पति- श्री बब्लू आहिरवार** ने मकान नं. 2587 लडिया पिन. नं. 1000480387 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** भूतल 150 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./46 दिनांक 03.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री यामना प्रसाद पटैल, पिता- स्व. श्री जीवन लाल पटैल,** ने मकान नं. 2082 गढ़ा पुरवा पिन. नं. 1000481186 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 1228 व.फु., भूतल 300 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/242 दिनांक 03.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित कुमार जायसवाल, श्री अभय कुमार जायसवाल, एवं श्री अरूण कुमार जायसवाल, पिता- स्व. श्री जमुना लाल जायसवाल** ने मकान नं. 12 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1946 व.फु., भूतल 1946 व.फु., प्रथमतल 550 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/241 दिनांक 03.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती आभा गुप्ता, पति-श्री अशोक गुप्ता** ने मकान नं.3042/3047/बी **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2435 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/240 दिनांक 03.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शिखा बरसैया, पति-श्री अखिलेश बरसैया एवं श्री आर्य बरसैया, पिता श्री अखिलेश बरसैया** ने मकान नं.3042/3047/बी **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1871 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/239 दिनांक 03.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री पवन कुमार अग्रवाल, पिता- श्री नारायण प्रसाद अग्रवाल** ने मकान नं.प्लाट नं. 297/5 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 3310 व.फु., भूतल 2000 व.फु., प्रथमतल 2000 व.फु., द्वितीयतल 400 व.फु., **त्यागपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/238 दिनांक 03.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीतू जैन, पति- स्व.श्री विजेन्द्र कुमार जैन, श्री अनमोल जैन, पिता- स्व. श्री विजेन्द्र कुमार जैन** ने मकान नं. 2890/पी- 356 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 735 व.फु., भूतल 700 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999